


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 4 दिसंबर 2022 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-245 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 दिसंबर 2022 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112





# रायपुर में होगा कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन

## सोनिया,खड़गे,राहुल व प्रियंका सहित देशभर से कांग्रेसी 2 फरवरी से जुटेंगे

**नई दिल्ली,4 दिसंबर।** राजधानी रायपुर में कांग्रेस का राष्ट्रीय महाधिवेशन (प्लानेरी सेशन) अगले साल दो फरवरी से 4 फरवरी तक होगा। 3 दिन के इस प्लानेरी सेशन में सोनिया गांधी,मल्लिकार्जुन खड़गे,राहुल गांधी व प्रियंका गांधी सहित देशभर के कांग्रेसी जुटेंगे कांग्रेस के राष्ट्रीय दिग्गज मौजूद रहेंगे। नयी दिल्ली में हुई कांग्रेस स्टेयरिंग कमेटी की बैठक में इस बात का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फरवरी में 3 दिन का ये सेशन होगा। यह जानकारी एआईसीसी के महासचिव वेणु गोपाल ने दी।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस अधिवेशन में पूरे देश से कांग्रेसी पहुंचेंगे। हर राज्य की कांग्रेस कमेटी के बड़े नेता शामिल होंगे। इसके अलावा कांग्रेस के तमाम दिग्गज भी छत्तीसगढ़ पहुचेंगे। पिछली बार दिल्ली में आयोजित हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में 12 हजार के आस-पास लोग देशभर से पहुंचे थे। इस बार भी 10 हजार से अधिक कांग्रेस नेताओं के रायपुर पहुंचने की संभावना है। खड़गे सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारियों को अधिवेशन के मद्देनजर एक माह के भीतर कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अक्षम नेताओं को कोई जिम्मेदारी न दी जाए। बताया जाता है कि इस महाधिवेशन में 2023 होने वाले तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाई जाएगी।संगठन को और मजबूत बनाने उपायों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा पीसीसी के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

आज की बैठक में पार्टी के शीर्ष नेताओं ने प्रमुख संगठनात्मक मामलों पर चर्चा के अलावा अपने पूर्ण सत्र के कार्यक्रम और स्थान पर विचार-विमर्श किया। पार्टी आने वाले दिनों में बड़ा अधिवेशन करने जा रही है। बैठक में शामिल होने वालों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व प्रमुख सोनिया गांधी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम, आनंद शर्मा, मीरा कुमार और अंबिका सोनी शामिल थे।

### चिदम्बरम के पास बैठे बघेल

बैठक में आगे की तरफ पार्टी के अध्यक्ष खड़गे, सोनिया गांधी बैठीं थीं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीब पी चिदम्बरम और वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह बैठे थे। बैठक के कुछ देर बाद मुख्यमंत्री ने मल्लिकार्जुन खड़गे समेत पार्टी के टॉप लीडर्स से प्रदेश के सियासी हालातों पर भी चर्चा की।

राजस्थान में प्रवेश करने वाली भारत जोड़ो यात्रा के कारण राहुल गांधी बैठक में शामिल नहीं हुए। बता दें कि अक्टूबर में खरगे के कार्यभार संभालने के बाद पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) के स्थान पर संचालन समिति का गठन किया गया था।

### बतौर अध्यक्ष पिछली बार शामिल हुए थे बघेल

साल 2018 में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) का 84वां अधिवेशन नई दिल्ली में आयोजित हुआ था। मार्च के महीने में हुए उस अधिवेशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 261 पीसीसी डेलिगेट और 49 एआईसीसी डेलिगेट दिल्ली गए थे। तब प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेश बघेल थे। संयोग है कि अब उन्हें और प्रदेश कांग्रेस के नेताओं को इस अधिवेशन की मेजबानी करने का मौका मिलेगा।

### हमारे लिए ऐतिहासिक पलः बघेल

**रायपुर,4 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस की संचालन समिति की अहम बैठक में शामिल हुए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा गठित कांग्रेस संचालन समिति की पहली बैठक है। इस बैठक में तय हुआ है कि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 85वां अधिवेशन रायपुर में होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट करके ये जानकारी देते हुए कहा है कि,मुझे बताते हुए खुशी है कि स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 85वां अधिवेशन रायपुर में फरवरी माह में होगा। यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण पल होगा।

## संक्षेप

### किसी को बदनाम करने की कार्रवाई गलत : टीएस

**रायपुर,4 दिसंबर।** स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव ने मुख्यमंत्री की उप सचिव सौम्या चौरसिया की ईडी द्वारा गिरफ्तारी पर बयान दिया है। एक वीडियो बयान में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ईडी ने किया है तो कोई प्रमाण होगा। ऐसा हमारा मानना है ।नहीं तो यह माना जाएगा कि किसी को अनावश्यक बदनाम करने के लिए गिरफ्तार किया होगा तो गलत है।सरकार का प्रशासनिक अमला इसे संज्ञान में लेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कि देश में सिर्फ विपक्ष की राज्य सरकारों के यहां ही इनकम टैक्स और ईडी सक्रिय है यह अनेक संदेह को भी जन्म देता है। ऐसा तो नहीं है कि भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार नहीं होगा, पूरी तरीके से वहां राम राज्य आ गया। कई भाजपा शासित राज्यों में जो प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जानकारी आ रही है भ्रष्टाचार तो वहां भी चरम सीमा पर है।वहां भी उन्हें ध्यान देना होगा।

### 2 लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चारामा,4 दिसंबर।** रविवार सुबह ग्राम जैसा कर्रा में 2 युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है । ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह लोगों ने महाविद्यालय के पीछे स्थित मुक्तिधाम के पास एक लाश को रस्सी के सहारे पेड़ पर लटकते देखा वही दूसरी घटना में घटनास्थल से महज 100 मीटर दूरी पर एक दूसरी लाश को पेट्रोल पंप के पीछे निर्माणाधीन बिल्डिंग की दीवार से लटकते हुए देखकर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। जिसमें पहली घटना के मृत व्यक्ति का नाम देवेंद्र यादव पिता सदा राम यादव उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी जैसा कर्रा थाना चारामा जिला कांकेर, वहीं दूसरी घटना में मृतक का नाम नारायण सिंह मरकाम पिता भीखम सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी बलियारा थाना अर्जुनी जिला धमतरी बताया जा रहा है। दोनो ही घटनाओं में कारण का पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलने के बाद चारामा पुलिस ने दोनो घटनाओं में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### किसानों की बेहतरी सरकार की प्राथमिकता : चौबे

**रायपुर,4 दिसंबर।** कृषि मंत्री रविंद्र चौबे आज सेवा सहकारी केंद्र धमधा में 14 लाख रूपए की लागत से बने किसान कुटीर भवन लोकार्पण और नवीन धान खरीदी उपकेंद्र करेली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के किसानों को कुटीर भवन व नवीन धान खरीदी उपकेंद्र के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। मंत्री चौबे ने कहा कि किसानों की बेहतरी छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि किसान कड़ी धूप में तपस्या कर, हर परिवार के थाली में अन्न मुहैया कराता है, ऐसे अन्नदाता किसान भाईयों के हितों का ध्यान रखना और उनका सम्मान करना हम सबकी जिम्मेदारी है। मंत्री चौबे ने कहा कि सरकार ने सहकारी समिति के अंतर्गत किसानों की सुविधा के लिए किसान कुटीर भवन का निर्माण कराया है, ताकि यहां आने वाले किसान भाईयों को विश्राम, पेयजल आदि की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि किसान भाई आसानी से अपनी उपज बेच सके। इसको ध्यान में रखकर नए धान खरीदी उपकेंद्र भी खोले गए हैं, इसका एक उदाहरण करेली भी है। उन्होंने यह भी बताया कि धमधा समिति में में कुल 11 गांव थे, जिनमें से 3 गांव वर्ष 2020 में बरहापुर नवीन समिति में स्थानांतरित हो गए।



# भानुप्रतापपुर विस उपचुनाव,मतदान 5 को

## 256 पोलिंग बूथ में मतदान, नक्सल प्रभावित 95 मतदान केंद्र

**कांकेर,4 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भानुप्रतापपुर विस उप चुनाव के लिए मतदान कल 5 दिसंबर को है। मतदान कराने के लिए 300 मतदान टीमों का गठन किया गया है, जिनमें से 256 दल मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया पूरी करेंगे. वहीं बाकी टीम को रिजर्व में रखा गया है. इन टीमों का प्रशिक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है. आज सुबह से ही सभी दलों को कांकेर से ईवीएम मशीन लेकर रवाना किया गया। जो शाम तक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगे।

भानुप्रतापपुर विधानसभा में कुल 256 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से 17 शहरी क्षेत्रों में और 239 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं. इन मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया पूरी करने के लिए 300 मतदान दलों का गठन किया गया है. तालिका 1, 2, 3 में प्रत्येक मतदान दल में चार कर्मचारी, एक पीठासीन अधिकारी एवं शेष नियुक्त किए गए हैं. इनमें से 256 पोलिंग टीमें पोलिंग बूथ में वोटिंग की प्रक्रिया पूरी करेंगी. वहीं बाकी 44 पोलिंग पार्टियां रिजर्व में रहेंगी. पोलिंग बूथ में मौजूद कोई कर्मचारी ड्यूटी के दौरान बीमार हो जाता है तो उसकी ड्यूटी रिजर्व टीम के कर्मचारियों से कराई जाएगी. सभी पोलिंग पार्टियों को 4 दिसंबर को ईवीएम मशीनों के साथ भेजा जाएगा. अति संवेदनशील क्षेत्रों के मतदान दलों को मतदान केंद्रों पर पूरी सुरक्षा के साथ ले जाया जाएगा. भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में नक्सल की दृष्टि से 17 अति संवेदनशील, 82 संवेदनशील, 23 राजनीतिक रूप से संवेदनशील और 134 सामान्य मतदान केंद्र हैं. एक मतदान केंद्र में अधिकतम 1500 मतदाताओं को रखा गया है. वर्तमान स्थिति में निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 95 हजार 678 है. इनमें पुरूष 95 हजार 186, महिला 1 लाख 491 और तृतीय लिंग का 1 मतदाता है. विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 855 है, जो पहले ही चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर चुके हैं. विधानसभा क्षेत्र में 18 से 19 वर्ष के आयु वर्ग के कुल 3490 मतदाता हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे. इनमें से 1840 युवकों और 1650 युवतियों में मतदान करने का उत्साह है. वहीं, सबसे उम्रदराज मतदाता 1875 80 साल से अधिक उम्र के मतदाता हैं, जिनमें 640 पुरुष और 1235 महिलाएं हैं.

# अब कांग्रेस पार्टी शुरू करेगी हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

**नई दिल्ली,4 दिसंबर।** भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी अब हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत करेगी। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में ये फैसला किया गया है। हाथ से हाथ जोड़ो के तहत ये नया अभियान पार्टी शुरू करने जा रही है। इस बैठक में ऐलान किया गया है कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी प्रियंका गांधी को भी बड़ी जिम्मेदारी देने की योजना बना रही है।



कांग्रेस पार्टी की स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में कई अन्य और अहम फैसले भी लिए गए है। कांग्रेस महासचिव जयराम नरेश ने बताया कि हाथ जोड़ो अभियान अभियान के जरिए पार्टी सरकार की गलत नीतियों के बारे में भी जनता को जागरुक करेगी। इसका आयोजन भारत जोड़ो यात्रा के बाद होगा जब यात्रा 26 जनवरी को श्रीनगर पहुंचेगी। इसके बाद ही हाथ से हाथ जोड़ों अभियान शुरू होगा। इस अभियान के जरिए ब्लॉक स्तर पर यात्रा, जिला स्तर पर अधिवेशन और राज्य के स्तर पर अधिवेशन आयोजित होंगे। इसके जरिए भारत जोड़ो यात्रा का संदेश आगे ले जाया जाएगा।

# भारत के जी-20 का अध्यक्ष बनने पर खुश हुआ फ्रांस

**नई दिल्ली,4दिसंबर।** भारत ने एक दिसंबर से जी20 की अध्यक्षता संभाल ली है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुएल मैक्रों ने भारत को अध्यक्षता मिलने पर खुशी जताई है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा भी जताया है। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट करते हुए मैक्रों ने जोर देकर कहा कि वह शांति और एक स्थायी दुनिया की स्थापना के लिए सभी को एकजुट करने के लिए अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा करते हैं।

इमैनुएल मैक्रों ने लिखा, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। भारत ने जी20 की अध्यक्षता संभाली है। मुझे अपने मित्र नरेंद्र मोदी पर भरोसा है कि वे हमें शांति और अधिक टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए साथ लाएंगे।

इससे पहले शुक्रवार 2 दिसंबर को मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने भारत के जी20 की अध्यक्षता संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी थी। इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने ट्वीट किया, जी20 की अध्यक्षता संभालने पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सरकार और भारत के लोगों को बधाई। मुझे कूटनीति और संवाद को बढ़ावा देने और आम सहमति बनाने और वैश्विक मामलों के अहम मुद्दों का स्थायी समाधान खोजने के लिए भारत के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। वहीं, इससे पहले 1 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया के



प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने जी-20 की अध्यक्षता संभालने पर भारत की सफलता की कामना की थी। अल्बनीज ने ट्वीट किया, भारत के जी20 की अध्यक्षता संभालने पर नरेंद्र मोदी को हर सफलता की शुभकामनाएं। इस बीच जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भी पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई दी। किशिदा ने ट्विटर पर लिखा, जी20 की अध्यक्षता संभालने के लिए बधाई पीएम मोदी।

आपको बता दें कि जी20 यानी ग्रुप ऑफ ट्वेंटी दुनिया की 20 प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक मंच है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भारत के जी20 प्रेसीडेंसी का विषय वसुधैव कुटुम्बकम - एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य है। इसकी अध्यक्षता के दौरान भारत 32 विभिन्न कार्यक्षेत्रों में 50 से अधिक शहरों में 200 से अधिक बैठकों की मेजबानी करेगा।

# प्रेमी ने नाबालिग प्रेमिका का घोंटा गला

**मोहला-मानपुर,4 दिसंबर■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले के मोहला थानाक्षेत्र में नाबालिग प्रेमिका से दुष्कर्म करने और फिर उसके बाद प्रेमिका की निर्मम हत्या कर देने वाले बेरहम प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे कैद करवाया है. मामला ग्राम तेलीटोला का है.

दरअसल, आरोपी प्रेमी को अपनी प्रेमिका का किसी और से मोबाइल पर बातचीत करना इस कदर नागवार गुजरा उसने अपनी प्रेमिका का गला घोंट कर उसे मौत के घाट उतार दिया. यही नहीं उसके शव को गड्ढा खोदकर दफन करने के बाद उसे पैरावट से ढंक दिया. पुलिस के मुताबिक मृतिका के परिजनों ने मोहला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर जानकारी दी थी. उनकी 16 वर्षीय बेटी तड़के सुबह 4 बजे से लापता है. गुमशुदगी दर्ज कर मोहला पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी थी. इसी बीच पुलिस ने गुम नाबालिग का शव बरामद कर लिया. तफ्तीश के दरमियान क्लू मिलने पर संदेह के आधार पर सीमावर्ती बालोद जिले के रेंगाडबरी गांव निवासी युवक महेंद्र मंडावी को पकड़कर उससे पूछताछ की गई. तब जाकर पूरा माजरा समझ मे आया. करीब 2 साल से आरोपी और नाबालिग के बीच प्रेम प्रसंग था. घटना के रोज भी हमेशा की तरह प्रेमी अपने प्रेमिका के घर के पिछवाड़े खेत में मिले. दोनों के बीच संबंध बना. इसी बीच प्रेमिका के मोबाइल में प्रेमी ने देखा कि उसका किसी और से भी बातचीत है. प्रेमिका की बेवफाई की आशंका में प्रेमी इस कदर आवेश में आया कि उसने तत्काल प्रेमिका का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी. आरोपी प्रेमी गिरफ्तारी उपरांत जेल दाखिल करा दिया गया है.



# समाचार संक्षेप

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया डायरिया प्रभावित क्षेत्र का दौरा

**भिलाई 4 दिसंबर।** नगर निगम के अंतर्गत आने वाले वार्ड



क्रमांक 32/33 मदर टेरेसा नगर बैकुंठ धाम एवं बैकुंठधाम केम्प छेत्र में डायरिया प्रभावित छेत्र का दौरा भाजपा जिलाध्यक्ष आ.श्री बृजेश बिजपुरिया के नेतृत्व में किया गया,और उन परिवारों से भी मुलाकात की जिनके घरों में डायरिया फैलने और नाली सफाई के अभाव व दूषित तथा सीवरेज मिला हुवा पानी पीने से दर्दनाक मौतें हुई उसके बाद भी नाली व वार्ड में सफाई व्यवस्था का वास्तविक परिदृश्य,भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ दौरे में शंकरलाल देवांगन जी,संजय जे.दानी, करण कनौजिया,भाजपा केम्प मंडल अध्यक्ष अनिल सोनी,रश्मि सिंह,युवा मोर्चा के अमित मिश्रा, प्रसम दत्ता,संजय सिंह,वार्ड पार्षद श्रीमती लक्ष्मी धर्मेन्द्र दिवाकर,अशोक गुप्ता,धर्मेन्द्र दिवाकर,अखिलेश सिंह,नासिर खान,तरुण आदि बहुत से कार्यकर्ता दौरा कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## कवर्धा से भोरमदेव तक गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण से लोगो में हर्ष

**कवर्धा 4 दिसंबर।** कवर्धा से भोरमदेव जाने वाली सड़क



निर्माण पर लोगो ने बताया की बहुत सुंदर एवं स्वच्छ सड़क बनी है । कवर्धा विधायक और केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में कवर्धा से भोरमदेव जाने वाली 16 किमी सड़क गुणवत्ता युक्त बनाई गई है जिसकी तारीफ करते हुए लोगो ने कही । बेहतर सड़क को देखकर कहा जा सकता है की कवर्धा की सड़को की तस्वीर चमक रही है ।

## दुर्ग कमिश्नर ने ग्राम पंचायत पतोरा के गौठान को देखा

**उतई 4 दिसंबर।** ग्राम पंचायत पतोरा मल जल प्रबंधन प्लांट, ग्राम गौठान, वर्मी कम्पोष्ट निर्माण, बोरी सिलाई,अर्क निर्माण,आदि का निरीक्षण श्री महादेव कावरे कमिश्नर दुर्ग, श्री मुकेश कोठारी



(डिप्टी कलेक्टर) सीईओ पाटन, श्री आर एल राठौर ज्वाइंट डायरेक्टर कृषि, श्री एस एस राजपूत डिप्टी डायरेक्टर कृषि, श्री वाई के वर्मा वरि. कृषि वि अधि. द्वारा निरीक्षण किया गया व समूह के महिलाओं से चर्चा में बताया गया कि वर्मी कम्पोष्ट खाद निर्माण 190703 किलोग्राम खरीदकर वर्मी खाद बनाकर विक्रय से 2,52000 रुपये लाभ हुआ इसी प्रकार बोरी 13000 नग सिलाई किया गया जिससे 20,000 रुपये व अर्क निर्माण गौ मूत्र,गुलाब जल, तुलसी अर्क निर्माण करके छ ग शासन के रोजगारोन्मुखी योजना के तहत विभिन्न कार्य करके लाभ अर्जिय कर रहे है उक्त अवसर पर ग्राम के सरपंच श्रीमती अंजिता साहू, गौठान समिति अध्यक्ष नरेश श्रीवास, सचिव महेन्द्र कुमार साहू, ए डी ओ श्रीमती कुंती दास, मुकेश मढरिया, आर इ ओ ममता बंजारे, पंच टीकाराम देवांगन, पंच गोपेश साहू श्री पुरुषोत्तम कुर्रे रोजगार सहायक संदीप ठाकुर व स्व सहायता समूह के सदस्यगण उपस्थित थे।

## खोपली में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का साड़ी श्री फल से किया सम्मान

**उतई 4 दिसंबर।** ग्राम पंचायत खोपली में मितानिन दिवस का आयोजन किया गया । जिसमें सरपंच श्रीमती मंजू फत्तेलाल वर्मा ने मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं स्वास्थ्य विभाग को साड़ी व श्रीफल से सम्मान किया । इस दौरान पूर्व सरपंच



फत्तेलाल वर्मा मितानिन ,सरिता सपहा,कांति वर्मा,उर्मिला गेंद्रे,गायत्री चंद्राकर,सकुंतला नारंग,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता धरम चंदेल,दीपक चंद्राकर,सुनीति साहू,फुलेस्वरी पाटिल आंगनबाड़ी सहायिका श्याम बाई कोसरे,अमरीका वर्मा,गंगा साहू,गंगा भारती ग्राम पंचायत सचिव पुराणिक साहू उपसरपंच सुमन साहू व पंचगण उपस्थित रहे ।

## सड़क किनारे खड़ी कार को चोरों ने किया पार

**भिलाई 4 दिसंबर।** बीएसपी कर्मी के घर के सामने रोड किनारे खड़ी कार को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि एमआईजी. 2/260 हुडको निवासी योगेन्द्र डहाके (53वर्ष) बीएसपी कर्मी 1 दिसंबर को अपनी मारुति को अपने घर के सामने रोड किनारे खड़ी किया था अपनी वाहन को चालू करने के लिये देखा तो चालू नहीं हो रहा था अज्ञात चोर सायलेंसर चोरी कर ले गया है।

## घर के बाहर खड़े वाहन को अज्ञात तत्व ने लगाई आग

**भिलाई 4 दिसंबर।** नेवई थाना अंतर्गत घर के बाहर खड़े वाहन को अज्ञात तत्व ने आग लगी दी आग से वाहन पूरी तरह से जल गया है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 435 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है नेवई पुलिस ने बताया कि रिसाली भाठा निवासी दुर्गा महानंद (26वर्ष ) 2 दिसंबर को उसके पति लक्ष्मीधर महानंद रात 8.30 बजे अपने काम से वापस आकर मोटर सायकल होण्डा सीबीजेड को घर के बाहर खड़ी करके सभी परिवार खाना खाकर सो गए थे आज तड़के 4 बजे घर के अंदर खिड़की से धुंआ भरने लगा और आग की लपटें घर के अंदर आयी तो बाहर निकलकर देखे तो घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल में आग लगी थी।

## अनियंत्रित होकर कार पलटी, एक युवक की मौत ,तीन गंभीर

**भिलाई 4 दिसंबर।**अंजोरा चौकी क्षेत्र पार्टी मना कर सोमनी की ओर से वापस अपने घर लौट रहे युवकों की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई इससे कार में सवार चारों युवकों को गंभीर चोटें आई अस्पताल ले जाने के दौरान एक युवक की मौत हो गई वहीं तीन युवक अस्पताल में भर्ती है अंजोरा चौकी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।महमरा मोड़ पर पुल के आगे कार अनियंत्रित होकर पलट गई इसमें सवार युवक अनिरुद्ध उपाध्याय 18 वर्ष निवासी सतीचौरा दुर्ग की मौत हो गई वही अन्य युवक मौलिक तिवारी 18 वर्ष निवासी गंजपारा, रौनक तिवारी 19 वर्ष, अरहन वर्मा 18 वर्ष भी गंभीर रूप से घायल हो गए अंजोरा चौकी प्रभारी पवन देवांगन ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अंजोरा चौकी पुलिस ने घायलों को पहले जिला अस्पताल पहुंचाया इसके बाद उनकी स्थिति गंभीर होने पर दो युवकों को रायपुर तथा एक युवक को सेक्टर 9 हॉस्पिटल रेफर किया गया युवकों की स्थिति गंभीर होने के कारण पुलिस किसी का बयान नहीं ले पाई है, वही गमगीन परिवार वालों से भी पुलिस अभी पूछताछ नहीं कर पाई है मामले की जांच की जा रही है

# 50 हजार रुपए की फिरौती की मांग, आरोपी गिरफ्तारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 4 दिसंबर।** सुपेला थाना क्षेत्र कार का रास्ता रोककर किडनैपर्स ने एक युवक का अपहरण कर 50 हजार रुपए की फिरौती की मांग की इसके बाद उस पर चाकू से हमला कर दिया रिपोर्ट के कुछ घंटे बाद सुपेला पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तीन अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा ने बताया कि पुरानी बिजली ऑफिस कोहका निवासी शैलेन्द्र कुमार वर्मा (24 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 नवंबर को रात 7 बजे अपने साथी मनीष बन्सोड़ के साथ दिनेश को छोड़ने कार से राजनांदगांव जा रहे थे।



फरीद नगर मैदान के पास पहुंचे तो दो मोटर साइकिल में सवार 5 युवकों ने कार के आगे पीछे मोटर साइकिल अड़ा कर रोका कार रोका तो एक लड़का कार की चाबी निकाला और गले में चाकू टिकाकर ड्राइवर सीट में बैठकर कार सहित तीनों को फरीद नगर मैदान में ले गया जैसे ही कार का दरवाजा खोले तो मौका पाकर मनीष और दिनेश दोनों भाग गये। आरोपी प्रार्थी से पैसों की मांग कर जान से मारने की धमकी दी। एक लड़का प्रार्थी के दाहिने पैर के जांघ के नीचे चाकू मारकर चोट पहुंचाये और कार में डालकर चारों लड़के बैकुंठ धाम ले गये जहां प्रार्थी के मोबाइल पर साथी हसरत का फोन आया तो उसने प्रार्थी को छोड़ने के लिए फिरौती की मांग की रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा श्रवण बंगाली, नरेश यादव, वेंकट, आकाश बंजारे, रतन गुप्ता के खिलाफ धारा 120बी, 294, 323, 341, 364, 506 (बी) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है सुपेला टीआई ने बताया कि जैसे दोस्त हसरत से बात हुई तो उसने प्रार्थी के जीजा रवि के साथ उनके ऊपर भी चाकू टिकाकर उनसे बोले कि पचास हजार दोगे तब छोड़ेंगे नहीं तो ओडिशा में ले जाकर ऐसे जगह मारेंगे कि उसका राख भी नहीं मिलेगा इसके बाद दोबारा कार में बैठाकर 18 नम्बर रोड तरफ ले जाकर पुन फिरौती की मांग की। तभी पुलिस सायरन की आवाज आने से भाग गये उनके भागने के बाद प्रार्थी के जीजा व दोस्त 18 नम्बर रोड से सुपेला अस्पताल ले गये, जहां से रिफर कर शासकीय अस्पताल दुर्ग ले गए सुपेला पुलिस ने बताया कि आरोपी श्रवण और रतन गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वहीं नरेश यादव, वेंकट, आकाश बंजारे की तलाश शुरु कर दी है

बोले, वर्ना ओडिशा ले जाकर मार देंगे पुलिस के सायरन की आवाज सुनकर भाग खड़े हुए किडनैपर्स दो आरोपी गिरफ्तार, तीन अन्य आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस।

## मितानिनों का किया गया सम्मान

**उतई 4 दिसंबर।** आदर्श सांसद ग्राम मचांदुर में भिलाई महिला महाविद्यालय के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के समापन अवसर पर मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव थी।अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख ने किया।विशेष अतिथि केश कला बोर्ड अध्यक्ष नंदकुमार सेन जनपद पंचायत उपाध्यक्ष झमित गायकवाड हेमचंद महाविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक आर पी अग्रवाल दुर्ग महाविद्यालय संघटक विनय शर्मा भिलाई महिला महाविद्यालय प्राचार्य संध्या मदन मोहन जनपद सदस्य लेखन साहू सरपंच दिलीप साहू थे।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया।छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शालिनी यादव ने कही की शिविर के माध्यम से छात्राओं द्वारा ग्राम जन जागरूकता लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए जो ग्रामीणों के लिए उपयुक्त लगी।शिक्षा के साथ कानूनी जानकारी दिया गया।,स्वास्थ्य के बारे में भी बताया। इसके अलावा शौचालय उपयोगिता पर लोगो को जागरूक किया।कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने रोचक नृत्य भी प्रस्तुत किए जिसे अतिथियों ने सराहा। इन मितानिनो का सम्मान मोहनी साहू लता साहू अंगेश्वरी साहू विमला साहू हामेश्वरी यादव कामनी साहू कुर्सिदा बेगन हेमलता देवांगन कुंती यदु ललिता साहू भेखू देशमुख किया गया। मचांदुर चौकी प्रभारी श्याम नेताम का भी सम्मान शाल श्रीफल देकर किया गया।सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उसमे स्थान पाने वाले बच्चो को भी पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान पूर्व पंचायत संघ अध्यक्ष रिवेंद यादव उप सरपंच गजेंद्र साहू प्रवीण यदु गोवर्धन बारले घनश्याम गजपाल मंजू यदु गणपत साहू शीत कुमार साहू कुंती यदु निरंजन राजपूत चांद खान फलेंद राजपूत महेश साहू बी एन चौधरी राजश्री शर्मा अनुपमा श्रीवास्तव महेश साहू सहित ग्रामवासी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया,ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया

**कवर्धा 4 दिसंबर।** कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने आज जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यो का औचक निरीक्षण करने बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम मानिकपुर और गंडईखुर्द पहुंचे। उन्होने मानिकपुर के सुरेश और संतोष के घर पहुंच कर जलजीवन मिशन के तहत घर में लगाए गए नल का परीक्षण किया। कलेक्टर ने घरों में लगे नल को बंद और चालू करके भी देखा। अवलोकन के दौरान नल में पानी भी आया। कलेक्टर ने नल से निकले हुए जल को भी पी कर देखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा भी इस योजना के बारे में फिडबैक भी लिए। ग्रामीणों ने बताया कि पहले सार्वजनिक हैण्डपंप से पानी पीने के लिए लाते थे। अब घर में नल लगने से बहुत सहुलियत हो रही है। समय की बचत के साथ



सुविधा भी मिल रही है। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि गांव में बने पानी की टंकी के आसपास और घरों में लगे नल कनेक्शन के आसपास साफ-सफाई रखने होंगे। स्वच्छता के प्रति भी सतर्क जरूरी है, नहीं तो धीरे-धीरे पानी की टंकी के नीचे और घरों में लगे नल के आसपास पानी का जमाव होने लगेगा। फिर वहां गंदगी के साथ-साथ मच्छरों का भी पनपने का खतरा बना रहता है। ऐसे सर्तकता के साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्हांने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि जल अनमोल है, इसलिए पानी की उपयोगिता और जल के महत्व को समझते हुए घरों में लगे नल को जरूरत के आधार पर बंद-चालू अवश्य करें। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कुछ घरों में जल आपूर्ति बाधित होने की शिकायत पाई, जिस पर उन्होने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित फिल्ड आफिसर को तत्काल ठीक करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री महोबे ने इन दोनों गांव में नलजल मिशन के प्रगतिरत कार्यो की जानकारी भी ली। पीएचई की कार्यपालन अभियंता श्री जेपी गोड़ ने बताया कि मानिकपुर में 331 घरों में नल लगाने है अभी 234 कार्य पूरा हो चुका हैं। इसी प्रकार गंडईखुर्द में 150 घरों में से 136 घरों में नल का कार्य पूरा कर लिया गया है। कलेक्टर श्री महोबे ने जल जीवन मिशन के कार्यो के अलावा बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम भण्डार में एक माह पूर्व ही स्थापित नवीन उपखंडीय जल परीक्षण प्रयोग शाला और उच्चस्तरीय का भी निरीक्षण किया और जल परीक्षण के कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बोड़ला के सहायक अभियंता श्री जी.पी. ठाकुर, उपअभियंता टोमन लाल कुंजाम, रसायनज्ञ श्री गुलशन प्रसाद शर्मा उपस्थित थे।

# पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व एड्स दिवस मनाया गया

**भिलाई 4 दिसंबर।** पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग (पीजीकॉन) परिसर में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम समानता थी। थीम का अनावरण करते हुए कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. प्रो अभिलेखा बिस्वाल ने अपने संबोधन में एचआईवी और इसकी रोकथाम से संबंधित सभी अवधारणाओं पर ध्यान केंद्रित किया और कर्मचारियों और छात्रों को उपलब्धता, गुणवत्ता बढ़ाने के लिए हमेशा काम करने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया। इसके साथ-साथ एचआईवी के लिए सेवाओं की उपयुक्तता बढ़ाने पर जोर दिया ताकि इससे संबंधित सभी को अच्छी सेवा मिल सके । इससे पूर्व कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. प्रो. श्रीमती जया चक्रवर्ती, (प्रोफेसर, सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग) ने दिया। छात्राओं ने पोस्टर, स्लोगन और रंगोली प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस अवसर पर



बीएससी (नर्सिंग) तृतीय वर्ष की छात्राओं ने एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। एमएससी (नर्सिंग ) की छात्राओं द्वारा बीएससी (नर्सिंग ) द्वितीय और प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए एचआईवी और एड्स के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूकता पर एक सेमीनार का भी आयोजन किया गया। श्रीमती नेहा आर एमानुएल (सहायक प्रोफेसर सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग) द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया था और कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रिन्सी मैरी (सहायक प्रोफेसर सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग) द्वारा किया गया था। एड्स दिवस के आयोजन में सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग की फैकल्टी डॉ जया चक्रवर्ती, श्रीमती चंद्रकला लिल्हारे, श्रीमती रिन्सी मैरी, श्रीमती नेहा आर एमानुएल, सुश्री दामिन साहू, श्रीमती अर्पणा बी मोहतेवार, सुश्री पूजा ठाकरे और श्रीमती किरण खिलारे का प्रमुख योगदान रहा। इसके अलावा एम.एससी. नर्सिंग अंतिम और पूर्व की छात्राओं ने समारोह के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसे कॉलेज की प्रिन्सिपल, प्राध्यापकों और छात्राओं ने प्रशंसनीय बताया। पं. जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर 9, भिलाई में इस अवसर पर एक पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने पुरस्कार जीते और नाटक का प्रदर्शन भी किया।

## कलेक्टर ने दिव्यांगों का शाल और फूल देकर किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 4 दिसंबर।** वृद्ध दिव्यांगजनों के चेहरे में आज उस समय गुलाबी खुशियां देखने को मिली, जब उन्हे प्रेम के प्रतिक गुलाब के पुष्प और ठंड से बचने के लिए शॉल भेंट किया गया। मौका था अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का। आयोजन हुआ कलेक्टोरेट परिसर में। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने आज सुबह जिले के 5 दिव्यांगजों को शॉल और गुलाब के पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। दिव्यांगजों को उनके दिव्यांगता के आधार पर सहायक उपकरण जैसे व्हील चेयर, ईयर मशीन, सहित अन्य उपकरण भी भेंट किया गया।

कलेक्टर श्री महोबे ने सभी दिव्यांगजनों का हाल-चाल भी जाना उन्हे वार्तालाप करने के लिए पूरा समय भी दिए। कलेक्टर ने पूरे एक घंटे दिव्यांजनों के बीच अपना समय गुजारे। दिव्यांगजनों ने कलेक्टर की सादगी और विनम्र व्यवहार से बेहद प्रभावित भी हुए। कलेक्टर ने पुछा की वृद्धाआश्रम में कोई परेशानी तो नहीं हो रही है, समय पर खाना, चाय और नाश्ता तो बराबर मिल रहे है ना। समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण भी हो रहा है की नही। कलेक्टर की इन बातों को सुन कर दिव्यांग वृद्ध बहन कलावती देवांगन की चेहरे में गुलाबी खुशी भी झलकी और उनके आंखी भी नम हो गई। कलावती ने बताया कि इस आश्रम में वह पिछले नौ साल से रह रही है। उन्हे कभी भी ऐसा अहसास नहीं हुआ की वह किसी वृद्ध आश्रम में अपनो से दूर रह रही है। कलावती बताते है कि आश्रम का वातावरण एक घर जैसा ही है।



चुकि वह इस आश्रम में रहने वाली सबसे वरिष्ठ और पुरानी है इस लिहाज से उनका अन्य सदस्य भी पुरा सम्मान करते और एक परिवार की तरह सब यहां रहते है। कलेक्टोरेरट परिसर पर में वृद्ध दिव्यांगजन टंकराम, बासुदेव,कलीबाई, और मंशाराम मोगरे को सम्मान किया गया।

वृद्ध दिव्यांग मंशाराम ने बताया कि घर से दूर एक अपना घर है वृद्धाआश्रम। इस आश्रम में वह काफी लम्बे समय से रह रहे है। उनका कहना है एक परिवार में जिस तरह सभी सदस्य आपसी प्रेम और अपनत्व की भाव से रहते है ठीक उसी प्रकार यहां सब हसी-खुशी से अपना जीवन आनंदमय व्यतीत कर रहे है। दिव्यांगजनों ने इस सम्मान के लिए आशीर्वाद देते हुए बताया कि आश्रम में खाना, चाय, नाश्ता सही समय पर मिल जाता है। मनोरंजन के लिए टीवी की भी व्यवस्था है। कभी-कभी मंडली भी आकर भजन किर्तन सुनाते है। टीवी में सतसंग और प्रवचन सुनकर अपने परिवारजनों की खुशियों के लिए भगवान से प्रार्थना भी करते है।

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर कहा कि जिले के सभी विकासखण्ड पंडरिया, कवर्धा, बोडला, और सहसपुर लोहारा में शीघ्र ही दिव्यांगजनों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## जिला युवा मंडल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**भिलाई 4 दिसंबर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालयएभारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग द्वारा जिला युवा मंडल पुरस्कार वर्ष 2022.23 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले दुर्ग जिले के ऐसे युवा ध् युवती मंडल जिन्होने समाज सेवा के क्षेत्र मे जैसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पर्यावरण संरक्षक एवं संवर्धन व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम साक्षरता महिला सशक्तिकारण सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वरोजगार संबंधी गतिविधी राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय दिवस एवं सप्ताह का आयोजन समाज कल्याणएस्वच्छता कार्यक्रमएखेलकुद एवं अन्य गतिविधियों में 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 के मध्य उल्लेखनिय कार्य किया है। आवेदक मंडल का फर्म एवं सोसायटी से पंजीयन होना अनिवार्य है। चयनित मंडल को पुरस्कार के रूप में 25000रू नगद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। निर्धारित प्रपत्र फार्म तथा विस्तृत जानकारी के लिए नेहरू युवा केन्द्र एमआईजी 729 गोल पानी टंकी के पास पदमनाभपुर दुर्ग से संपर्क किया जा सकता है।

## संतोषी व राज ने पॉवरलिफ्टिंग में देश का नाम रोशन किया

**भिलाई 4 दिसंबर।** सुश्री संतोषी माँझी (शहीद राजीव पांडेय एवं शहीद गुंडाधुर खेल आवार्डी) एवं श्री राज वासनिक (अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) ने न्यूजीलैंड में दिनांक 27 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2022 आँकलैंड, (न्यूजीलैंड) में चल रही कॉमनवेल्थ अंतरराष्ट्रीय पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में दोनो खिलाड़ियों ने रजत पदक जीतकर छत्तीसगढ़ राज्य एवं भारत देश का नाम रोशन किया है । इस प्रतियोगिता में श्री कृष्णा साहू भारतीय टीम के प्रशिक्षक के रूप में प्रतिनिधित्व किया । उल्लेखनीय है कि खिलाड़ी के रूप में सुश्री संतोषी माँझी की यह तीसरी व श्री राज वसनिक की यह पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है जबकि श्री कृष्णा साहू की खिलाड़ी, प्रशिक्षक व निर्णायक के रूप में यह 30 वी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है जिसने इन्होंने भाग लेकर भारत देश का नाम रोशन किया है । इन पॉवर लिफ्टरो को पदक जीतने पर माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने बधाई एवं आशीर्वाद संदेश भेजा है । सुश्री संतोषी माँझी, श्री राज वासनिक एवं श्री कृष्णा साहू को इस कॉमनवेल्थ अंतरराष्ट्रीय



प्रतियोगिता में न्यूजीलैंड में प्राप्त उपलब्धियों के लिए माननीय श्री ताम्रध्वज साहू (ग्रहमंत्री), सुश्री सरोज पांडेय (सांसद), श्री विजय बघेल(सांसद), श्री प्रेम प्रकाश पांडेय (पूर्व विधायक), श्श्री ब्रिजमोहन अग्रवाल (पूर्व विधायक) श्री देवेंद्र यादव (विधायक) श्री नीरज पाल (महापौर, भिलाई) छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों तथा छत्तीसगढ़ शासन के खेल विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, भारतीय रेल, एवं छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिक, विभाग (दुर्ग मंडल) के सम्बंधित विभागीय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने हार्दिक बधाई व सुभकामनाएँ संदेश भेजी है ।

# एलईडी लाइट से जगमगाया गौतम नगर का सामुदायिक भवन मैदान

■ भेंट मुलाकात के दौरान लोगों के द्वारा की गई मांगो को विधायक कर रहे पूरा।

■ जल्द होगा सामुदायिक भवन का निर्माण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई 4 दिसंबर।** नगरनिगम भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड 42 में कुछ दिनों पहले ही भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लोगों से भेंट मुलाकात करने गए थे। भेंट मुलाकात के दौरान विधायक देवेंद्र यादव से वार्डवासियों ने शिकायत की थी कि वा शाम होने के बाद अंधेरा छाया रहता है। स्ट्रीट लाइट है लेकिन भवन के कैंपस में प्रयाप्त रोशनी भी होती, साथ ही भवन की भी जरूरत है लोगों को बड़ी परेशानी होती है। लोगों की शिकायत



को विधायक श्री यादव ने तत्काल गंभीरता से लिया और एक्शन लेते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए।

वार्डवासियों की मांग पर विधायक देवेंद्र यादव ने पहल की और कुछ ही दिनों में वार्ड के भवन के कैंपस में लाइट एलजी गई और जल्द ही भवन का कार्यक्रम भी होगा । गौरतलब है कि विधायक देवेंद्र यादव समय समय पर वार्डों का दौरा करते है। भेंटमुलाकात करने के बहाने लोगों से मिलते है और वार्ड का हालचाल जानने के साथ ही लोगों का कुशल क्षेम जानते है। लोगों की समस्याओं को जानकार उन समस्याओं को दूर करते हैं और वार्ड में कोई मूलभूत समस्या रहती है। उसका भी निदान करते हैं। इसी कड़ी में जब वे वार्ड 42 गए थे तो लोगों ने उन्हें अंधेरा दूर करने के लिए एलईडी लाइट लगाने कीमांग की थी। इसके लिए वार्डवासियों ने विधायक देवेंद्र यादव का दिल से आभार जताया।

### सामुदायिक भवन की भी मिलेगी सौगात

विधायक देवेंद्र यादव से वार्डवासियों ने सामुदायिक भवन की भी मांग की थी। मांग के अनुसार आदेश कर दिया गया है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा और लोगों को सामुदायिक भवन की सौगात मिलेगी।

# सालों से प्रशासन से ग्रामीण मायूस, खुद ही संवार रहे सड़क

## प्रशासन की अनदेखी से बीहड़ क्षेत्र के गांव के लोग खुद ही बना रहे रोड़, गांव का हर एक बाशिंदा बन माउंटेन मैन मांझी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**मोहला 4 दिसंबर।** जिले के मानपुर ब्लॉक अंतर्गत महाराष्ट्र की सीमा में बसे धुर नक्सल प्रभावित पिट्टेमेटा गाँव का हर एक ग्रामीण इन दिनों माउंटेन मैन मांझी के तर्ज पर पहाड़ व बीहड़ रास्ते को तराशकर सड़क बनाने में जुटा हुआ है। प्रसासनिक उदासीनता की पराकाष्ठा ही कहें कि एक ओर सरकारे गांव गांव को सड़क से जोड़कर ग्रामीण विकास के दावे कर रही हैं लेकिन दूसरी ओर ग्रामीण सड़क से अनजान होकर बीहड़ों में कैद रह जाने को मजबूर हैं। दरअसल ग्राम पिट्टेमेटा तक पहुंचने के लिए आज आजादी के 75 साल बाद भी सड़क नही बन पाया ऐसे में हालात व सिस्टम से मारे यहां के ग्रामीण इन दिनों खुद अपने आवागमन के लिए बीहड़ो के बीच पहाड़ी रास्ते को काटकर माकूल सड़क बनाने में जुटे हुए हैं। ग्रामीणों की माने तो हर साल उन्हें बारिश के बाद पहाड़ी मार्ग को काट-छील कर आवागमन योग्य बनाना पड़ता है ताकि मुख्य मार्ग से ग्राम पंचायत मुख्यालय अस्पताल,राशन समेत बाहरी दुनिया से जुड़ने के लिए मीलों दूर मुख्य सड़क तक पहुंच सकें। सड़क बिना ग्रामीणों का जीवन इस कदर त्रासदी पूर्ण हो गया है कि एक ओर नदी व दूसरी ओर पहाड़ से घिरे यहाँ के ग्रामीण सड़क के अभाव मे इलाज तक के लिए तरसने को मजबूर हैं।

ग्राम पटेल दयाराम तुलावी, ग्रामीण धरम सिंह उसेंडी व अन्य ग्रामीणों के मुताबिक सड़क बनाने के लिए गाँव का हर बाशिंदे यहाँ अपना निजी काम-धाम कर जुटते हैं। वहीं खुद पसीना बहाकर अपने लिए सड़क बनाते हैं। पंचायत व प्रसासन से के लिए कोई मदद नहीं मिलती इस बात का इन आदिवासी ग्रामीणों को खासा अफसोस है। स्थानीय जनपद पंचायत के सीईओ जो लंबे समय से इस इलाके में पदस्थ हैं उनका आज तलक भी गांव तक न पहुंचना और गांव के लोगो का कभी सुध न लेना ग्रामीणों में अभी भी टीस व आक्रोश का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों के मुताबिक कई बार अर्जी प्रस्तुत करने के बाद भी सीईओ ने उनकी सुध नहीं ली।

बता दें हाल ही मे पिट्टेमेटा के इन ग्रामीणों द्वारा चुनाव बहिष्कार के ऐलान के बाद गाँव की ओर शासन प्रसासन का ध्यान आया था। जिसका असर भी रहा कि कलेक्टर और एसपी को बीहड़ों में सफर कर पिट्टेमेटा गांव पहुंचना पड़ा था। इससे पहले आजादी के बाद से कोई भी स्थानीय प्रसासनिक अफसर तक इस गांव तक नही पहुंचे थे। कलेक्टर के पहुंचने से गांव के विकास की एक उम्मीद जरूर जगी है। लेकिन कलेक्टर एस पी का दौरा तभी सार्थक हो पाएगा जब बीहड़ों के बीच गुमनाम हो रहा पिट्टेमेटा गांव और यहाँ के बाशिंदे भी आम लोगों की तरह विकास की मुख्य धारा से जुड़ पाएंगे।

## एक नजर

### एक दिवसीय सांई महोत्सव 15 को

**राजनांदगांव 4 दिसंबर।** शहर में शिव गजानन सांई मंदिर समिति, पूनम कालोनी के तत्वावधान में एक दिवसीय सांई महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर आगामी 15 दिसंबर को पूनम कालोनी स्थित शिव गजानन सांई मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इस बारे में समिति के सांई भक्त कमलेश स्वर्णकार अध्यक्ष-शिव गजानन सांई मंदिर समिति, जिलाध्यक्ष जिला पत्रकार महासंघ एवं प्रदेश उपाध्यक्ष छग जर्नलिस्ट यूनियन ने बताया सांई महोत्सव के अंतर्गत 15 दिसंबर को सुबह सांई बाबा के अभिषेक व पूजन पश्चात दोपहर 1 बजे सांई पालकी निकाली जाएगी। वहीं दोपहर 12 से भंडारा का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम समिति के रमेश कुमार वानकर, अविनाश कापरे, संयोजक कृष्ण कुमार कुशवाह, देवकुमार नामदेव, आरएस राठौड़, उपाध्यक्ष संतोष कुमार कुशवाहा, रामजी भारती, चंद्रकांत देव, महेश देवांगन (अधिवक्ता), उपाध्यक्ष समीर द्विवेदी, महेश उत्तलवार, श्रीनिवास सायंकर, हरमीत चांवला, प्रसाद पेंढारकर, मनीष शर्मा, मनीराम साहू, उपाध्यक्ष हेमनाथ साहू, मनीष श्रीवास्तव, अनंत विष्णुदास वैष्णव (अधिवक्ता), सचिव अजय तिवारी, सूरज शर्मा, संजय हजारे, गुरजिंदर कोवाल, कोषाध्यक्ष संजय पॉलीवाल, रमेश हेडाऊ, अशोक शर्मा, प्रशांत तिवारी, सहसचिव पुलकित जैन, मनमोहन शुक्ला, जीआर देवांगन, नरेन्द्र मुदलियार, दिनेश बडोनिया के संयुक्त प्रयास से शिव गजानन सांई मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

### सोनी सर्वश्रेष्ठ नॉइज़ कैंसिलिंग हेडफ़ोन में में से एक है

**रायपुर 4 दिसंबर।** सोनी लोकप्रिय और सबसे ज़्यादा बिकने वाले का परवर्ती है, जिसे हाल ही में भारत में लॉन्च किया गया। सोनी के नए वायरलेस हेडफ़ोन एक नया डिज़ाइन और उद्योग में अग्रणी नॉइज़ कैंसिलिंग अनुभव लाते हैं। WH-1000XMz के साथ सबसे बड़ा बदलाव एक पूर्ण रीडिज़ाइन के रूप में आता है और पिछली सीरीज़ से अलग दिखता है। का हेडबैंड अपने पूर्ववर्ती की तुलना में पतला है और अब एक ही धातु है जो दोनों तरफ ईयर कप को पकड़े हुए है। यह नया स्वरूप WH-1000XMz को पहनने में अधिक आरामदायक बनाता है लेकिन XM4s द्वारा पेश की जाने वाली गतिशीलता को प्रभावित करता है।

### सियेट ने किया हाई परफारमेंस टायर क्रासड्राइव लांच

**रायपुर 4 दिसंबर।** भारत के प्रमुख टायर निर्माता, सिएट लिमिटेड ने आज भारत में एसयूवी के लिए अपने हाई-परफॉर्मेंस, ऑल-टेरेन टायर्स क्रॉसड्राइव को लॉन्च कर दिया। क्रॉसड्राइव सिएट की अत्याधुनिक 3डी सिप टेक्नोलॉजी और मजबूत शोल्डर डिजाइन जैसे फीचर्स से लैस है जो टायर को सभी इलाकों में इस्तेमाल करने के अनुकूल बनाने में मदद करता है। टायर के नए कार्बन ब्लैक ट्रेड कंपाउंड्स बेहतर पकड़ के साथ-साथ बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी देते हैं। और इसका इंदौर में अत्याधुनिक ऑटो टेस्टिंग ट्रैक नेटरेक्स और इंदौर के पास माइल्ड ऑफ-रोडिंग पर वृहद पैमाने पर टेस्ट किया गया है।

### खान एकेडमी इंडिया ने स्वाति वासुदेवन को राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया

**रायपुर 4 दिसंबर।** निःशुल्क, विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने वाले ऑनलाइन शिक्षा के एक गैर-लाभकारी प्लैटफॉर्म, खान एकेडमी इंडिया ने स्वाति वासुदेवन को भारत में अपना राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया है। रणनीति और संगठनात्मक परिवर्तन में दो दशकों से अधिक अनुभव के साथ, वे भारत में परिचालन की देख-रेख करेंगी और भारत में खान एकेडमी के विकास को गति प्रदान करने का उत्तरदायित्व उनके कंधों पर होगा। स्वाति को गैर-लाभकारी और लाभकारी दोनों क्षेत्रों में नेतृत्व का 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है। स्वाति ने गेट्स फाउंडेशन इंडिया कंट्री ऑफिस में सी.ओ.ओ. के तौर पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं और एक संस्थापक सी.ई.ओ. के तौर पर एक स्नातक स्तर की शैक्षणिक संस्था, इंडियन स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी की सह-स्थापना की है और उसका प्रबंधन किया है।

### एलजी ने जीते 'सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन ' पुरस्कार

**रायपुर 4 दिसंबर।** एलजीइलेक्ट्रॉनिक्स (एलजी) को अपने नवीनतम जीवनशैली समाधानों की तकनीकी और डिजाइन उत्कृष्टताके लिए मान्यता दी गई है, दो दर्जन से अधिक सीएसई 2023 इनोवेशन अवार्ड्स अर्जित किएगए हैं, जिसमें एलजी ओलेड को कंप्यूटर सहायक उपकरण, गेमिंग और वीडियो प्रदर्शन श्रेणीके लिए तीन प्रतिष्ठित बेस्ट इनोवेशन अवार्ड्स शामिल हैं। सीएसई 2023 में एलजीको मिलने वाले 28 सम्मानों में से 10 एलजी ओलेड टीवी को दिए गए, यह लगातार 11वां सालहै जब कंपनी के सेल्फरूलिट टीवी को सीएसई इनोवेशन अवॉर्ड मिला है।

### क्युएसआर चेन फैट टाइगर ने रायपुर में अपना पहला आउटलेट खोला

**रायपुर 4 दिसंबर।** क्विक रेस्टोरेंट चेन फैट टाइगर ने हाल ही में रायपुर में अपना पहलाफ्रेंचाइजी आउटलेट शुरू किया है। यह स्टोर 1100 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैला हुआहै। बड़ी संख्या में युवाओं, परिवारों, छात्रों और विभिन्न स्वादों में पैन एशियाई खानेका आनंद लेने वाले किसी भी व्यक्ति को आकर्षित करने के लिए आउटलेटआकाश टॉवर, शहीद वीर नारायण सिंह, वार्ड 32, शंगार नगर, रायपुर में खोलागया है। फैट टाइगर एक आधुनिक क्यूएसआर और कैफे चैन है जो शहर में मोमो, बर्गर, पिज्जा, पेय और बहुत कुछ प्रदान करता है। यह चैन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसितचाय, बेवरेजेज और विशेष रूप से बनाए गए मोमोज के साथ और बहुत नुट्रिशयसमील्स प्रदान करती है। अपनी हालिया एक्सपेंशन प्लान्स तहत, कंपनी ने इस आउटलेट को 22 शहरों मेंइसके पहले से मौजूद 50+ आउटलेट्स में जोड़ा है, जिससे देश भर में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर सके। ब्रांड आने वाले 30-36 महीनों में 200 औरऑफलाइन आउटलेट खोलने की भी योजना बना रहा है।

# दिव्यांग बच्चों को सहानुभूति नहीं, हमारे साथ की जरूरत:प्रमोद दुबे

■ अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन




**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर रायपुर नगर निगम के अध्यक्ष व पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने अपना जन्मदिन शनिवार को अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर मनाया। बच्चों के साथ तरबूज-पपीता फल काटकर उन्होने स्वंय अपने हाथों से इन बच्चों को फल खिलाया और कहा कि शहर में दर्जनों कार्यक्रम आज जन्मदिन के अवसर पर शुभचिंतकों ने रखे थे उनकी भावनाओं का पूरा सम्मान करते हुए शामिल भी हुए लेकिन इन दिव्यांग बच्चों के बीच आकर जो खुशियां मिली और उन्होने अपने शाब्दिक तरीके से जो बधाई दी वाकई अनमोल और सबसे बड़ा तोहफा है। दिव्यांगता एक शारीरिक अवस्था है, जिसका प्रतिभा पर प्रभाव नहीं पड़ता। इन दिव्यांग बच्चों में भी हौसले और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें हमारी सहानुभूति नहीं हमारे साथ की जरूरत है, जिससे ये अपने हौसलों को उड़ान दे सकें। बच्चों ने आई लव माय इंडिया गाने पर नृत्य कर शानदार प्रस्तुति भी दी। इस मौके पर अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, मृत्युंजय शुक्ला, धनंजय त्रिपाठी, डा. संजय पांडे, नीलेश मूंदड़ा, बाकर अब्बास, श्रीराम दुबे, अविनय दुबे, सुयश शर्मा, स्कूल प्राचार्या व स्टाफ के साथ कालोनी के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।

# एसपी ने नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 4 दिसंबर।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री प्रफुल्ल ठाकुर द्वारा मुख्यमंत्री श्री भुपेश बघेल जी के द्वारा चलाये जा रहे अभियान हमर बेटी हमर मान के तहत स्वामी आत्मानन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरिया में बालिकाओ को सुरक्षा सुनिश्चित करने अभिव्यक्ति एप्प, घरेलु हिंसा, लैंगिक अपराध , सायबर सुरक्षा, पाक्सो एक्ट, कैरियर गाईडेंस के बारे में जानकारी दी गई । कार्यक्रम के दौरान छात्र - छात्राओ के डिसीप्लीन एवं युनीफार्म की तारीफ भी किया, नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा से समाज और परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को बताकर नशे से दूर रहने की समझाईस दी गई । सायबर अपराध से बचने के लिए फेसबुक, वाट्सअप, इस्टाग्राम, टेलीग्राम में अंजान व्यक्ति से फ्रेण्ड रिक्वेस्ट को स्वीकार न करने अपना फोटो आधार, ओटीपी, दूसरो को शेयर न करने, किसी प्रकार की उत्पीड़न लैंगिक शोषन होने पर अभिव्यक्ति एप्स की माध्यम से शिकायत करने के विषय मे विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया । साथ ही कैडेट्स एवं विद्यालय परिवार ने स्क सर का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पद्मश्री तंवर, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री प्रभात पटेल, थाना प्रभारी छुरिया, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री अजीत ओगरे, निरीक्षक श्री रामअवतार ध्रुव, तहसीलदार छुरिया श्रीमती अणुरिमा टोप्पो भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य श्री एच.के. खिलाडी, प्राचार्य श्री डी. के. सिन्हा, शिक्षकगण ए. के. देवांगन, श्रीमती कामिनी साहू, एवं अतिथिगण विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती भावना यदु मोनिका साहू, अध्यक्ष एसएमडीसी सेजेस श्री जोधीराम साहू वरिष्ठ नागरिक के लगभग 500 की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से लेकर 12वीं तक सभी क्लासों में प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

# बोरतलाव में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता की धूम रही

**राजनांदगांव 4 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री प्रफुल्ल ठाकुर के दिशा-निर्देशन में थाना बोरतलाव क्षेत्र के जंगल एवं सुदूर अंचल के ग्रामीणों से मधुर संबंध रखने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना बोरतलाव के खेल मैदान में तीन दिवसीय क्रिकेट खेल का आयोजन दिनांक 01/12/2022 से 03/12/2022 तक कराया गया। इस खेल के आयोजन में श्री लखन पाटले एडि0 एस.पी. राजनांदगांव, श्री प्रभात पटेल एसडीओपी डोंगरगढ़, के मार्गदर्शन में योजनाबद्ध तरीके से कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। इस आयोजन में थाना क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों की टीमों के अलावा पुलिस लाईन राजनांदगांव, डीआरजी राजनांदगांव, आईटीबीपी बोरतलाव, थाना बोरतलाव की पुलिस टीम ने भाग लिया व खेल भावना का परिचय देते हुए, अच्छे खेल का प्रदर्शन किया गया। वहीं फायनल मैच पुलिस लाईन राजनांदगांव एवं ग्राम बरनाराकला की टीम के बीच खेला गया, जिसमें बरनाराकला की टीम विजेयता रही एवं उप विजयेता पुलिस लाईन राजनांदगांव की टीम रही, वहीं तृतीय स्थान पर पिपरखार कला की टीम को गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आये टीमों को सील्ड एवं नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# ब्रह्मानंद को जिता कर 2023 की जीत का मार्ग प्रशस्त करें: अशोक बजाज



**रायपुर।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने भानु प्रताप विधानसभा उपचुनाव में मोर्चा संभालते हुए कोरर मंडल के विभिन्न गावों का दौरा किया तथा कार्यकर्ताओं की बैठक एवं नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उपचुनाव में भाजपा को व्होट देकर कांग्रेस की वादाखिलाफी का बदला ले। उन्होंने कहा कि यह सरकार सभी मोर्चों पर विफल हो गई है तथा इन्हें जनता के हितों की कोई चिंता नहीं है।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम को प्रचंड बहुमत से जीता कर 2023 की जीत का मार्ग प्रशस्त करें। इस अवसर पर व्यास नारायण साहू, नत्थू राम साहू, शांतनु सिन्हा, वीरेंद्र साहू, जितेश पांडे एवं नीलकंठ आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दो दिवसीय राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का महापौर ने किया शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 3 दिसम्बर।** छत्तीसगढ की धर्म, परंपरा, सस्कृति एवं पारंपरिक खेल कूद को जनमानस तक पहुचाकर देश विदेश में ख्याति दिलाने वाले प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी का मै हृदय के आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने प्रभू श्री राम के चरित्र को जानने आत्मसात करने राज्य स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि रामायण की चर्चा मात्र से मन शुद्ध हो जाता है, श्री राम को मर्यादा पुरषोत्तम इस लिये कहा जाता है क्योकि उन्होंने अपने पिता की आज्ञा मान सिहासन छोड कर वन को चले गये थे। उक्त उदगार महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नगर निगम द्वारा गांधी सभागृह म्यूनिस्पल स्कूल परिसर में दिनांक 3 व 4 दिसम्बर 2022 को आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता में वार्ड स्तरीय रामायण प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर दिये। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि पहले हर घर में बुजुर्ग रामायण का पाठ करते थे, लेकिन आज रामायण पढना कम हो गया है। श्री राम हमारे छत्तीगढ के भांजा है, छत्तीसगढ उनका ननिहाल है। उन्होंने वनवास के समय 10 वर्ष छत्तीसगढ में बिताये है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने उनके सम्मान में राम वन पथ गमन की स्थापना किये, जो आज धार्मिक आस्था एवं पर्यटन के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राम के चरित्र एवं श्री राम के छत्तीसगढ में बिताये पल को प्रदेश के हर वर्ग के लोग जाने इसके लिये उन्होंने राज्य स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया। उन्होने इस पावन आयोजन पर अपनी उपस्थिति देकर रामायण के माध्यम से राम के चरित्र का श्रवण कर अपने जीवन सफल बनाने की अपील की है। शासन निर्देशानुसार रामायण मण्डलियो को प्रोत्साहित करने राज्य स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता आयोजित करने छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग मंत्रालय रायपुर से प्राप्त दिशा निर्देश एवं जिलाधीश महोदय के निर्देश पर दिनांक 3 व 4 दिसम्बर 2022 को आयोजित वार्ड स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने प्रभु श्री राम एवं छत्तीसगढ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना कर राज्य गीत के माध्यम से किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता छ.ग. खादी ग्रामोद्योग के सदस्य श्री श्रीकिशन खण्डेलवाल ने की एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष श्री विवेक वासनिक,छ.ग. बाल संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती संगीता गजभिये, छ.ग. सिन्धु अकादमी के सदस्य श्री अशोक पंजवानी, कैम्पा के सदस्य श्री पंकज बाधव, समाज सेवी श्री सूर्यकांत जैन, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य एवं चयन समिति के सदस्य श्री संतोष पिल्ले, महापौर परिषद के सदस्य श्री सतीश मसीह व श्रीमती दुलारी बाई साहू, पार्षद श्री अजय छेदैया व श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, नामांकित पार्षद श्री मामराज अग्रवाल, श्री झम्मन देवांगन, श्री प्रभात गुप्ता, श्रीमती प्रतिमा बंजारे, पार्षद प्रतिनिधि श्री सचिन टुरहाटे विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, उपायुक्त श्री सुदेश कुमार सिंह, कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता श्री दीपक अग्रवाल, प्र.सहायक अभियंता श्री संदीप तिवारी व श्री प्रणय मेश्राम,उप अभियंता श्री हरिशंकर वर्मा व श्री अशोक देवांगन, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, प्र.जनसम्पर्क अधिकारी श्री देवेन्द्र सोनी,प्र.निगम सचिव श्री चंद्रिका प्रसाद सिन्हा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री श्रीकिशन खण्डेलवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज पूरे प्रदेश में राज्य स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता का शुभारंभ हो रहा है, इसी कडी में नगर निगम राजनांदगांव द्वारा वार्ड स्तरीय रामायण प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है।

## शासन के आरोहण बीपीओ सेंटर में 1400 युवाओं को मिला रोजगार

**राजनांदगांव 4 दिसम्बर।** आरोहण बीपीओ सेन्टर से युवाओं को अपने सपनों को पूरा करने के लिए नया क्षितिज मिला है और उनके जीवन को दिशा मिली है। युवाओं के लिए शासन का यह संस्थान एक दस्तक है, उम्मीद और रौशन की। यहां इन युवाओं के कार्य के प्रति लगन, जज्बा और ऊर्जा देखकर सुप्रसिद्ध शायर श्री बशीर बद्र की यह पंक्तियां प्रासंगिक लगती हैं - राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा स्थित आरोहण बीपीओ सेंटर में अभी वर्तमान में 1400 युवा कार्य कर रहे हैं और उन्हें रोजगार का एक अच्छा अवसर प्राप्त हुआ है। यहां राजनांदगांव के अलावा धमतरी, बिलासपुर, महासमुंद, दुर्ग, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी सहित अन्य जिलों के युवाओं को भी रोजगार प्राप्त हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा यहां कार्यरत टेक्नोटास्क कंपनी के माध्यम से समन्वय करते हुए कार्य किया जा रहा है। इस बीपीओ सेंटर के माध्यम से स्थानीय युवाओं को कार्य करने का अवसर मिला है, वहीं उनकी क्षमता का भी विकास हुआ है। कलेक्टर श्री डोमन सिंह आरोहण बीपीओ सेंटर के संचालन के लिए लगातार मार्गदर्शन दे रहे हैं। उन्होंने यहां सीटों की संख्या में बढ़ाकर 2000 करने के निर्देश दिए हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा लाभान्वित हो सकें। ई-जिला प्रबंधक श्री सौरभ मिश्रा ने बताया कि बीपीओ का संचालन 24 3 7 करने का लक्ष्य रखा गया है। बीपीओ के तहत विभिन्न शासकीय विभागों के अंतर्गत हितग्राही मूलक कार्यों का संपादन किया जाना भी प्रस्तावित है। आरोहण बीपीओ सेंटर में कार्यरत सुश्री छाया सोनी ने बताया कि पिताजी की तबीयत ठीक नहीं होने के कारण घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। यहां कार्य करने के बाद वेतन मिलने के साथ ही आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और कौशल विकास हुआ। राजनांदगांव की सुश्री वीना पंजवानी ने बताया कि वे पढ़ाई करते हुए यहां कार्य कर रही हैं तथा वे अपने पिताजी की आर्थिक मद्द करना चाहती थी। यहां आने से ज्ञान एवं कौशल का विस्तार हुआ। साथ ही प्रमोशन मिलने से प्रोत्साहन मिला।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य उपकरण वितरित किए



**रायपुर 4 दिसंबर।** 3 दिसंबर अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर सामाजिक संस्था शकुंतला फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा जरुरतमंद दिव्यांग जनों को स्वास्थ्य उपकरण प्रदान किए गए । जिसमें 2 श्रवण यंत्र,4 व्हीलचेयर और 6वाकर का सहयोग किया गया। दिव्यांग जनों में पांच वर्षीय श्रवणबाधित बालिका है जिसे श्रवण यंत्र दिया गया बालिका के पिता नहीं हैं इस बालिका की शिक्षा मे भी संस्था सहयोग करेगी । सभी दिव्यांग जनों ने संस्था की का आभार व्यक्त किया। इस सहयोग मे संस्था की अध्यक्ष स्मिता सिंह सचिव संजना सिंह और मूलचंद की सराहनीय भूमिका रही है संस्था द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद मरीजों व दिव्यांग जनों के लिए सहयोग किया जाता है । संस्था द्वारा अनेक दिव्यांग जनों के आपरेशन में सहयोग किया जा चुका है जिसमें दिव्यांग आदित्य के तीन चरण के आपरेशन में सहयोग किया गया था। कोविड काल में संस्था द्वारा दिव्यांग छात्रों को आनलाइन शिक्षा हेतु मोबाइल फोन उपलब्ध कराया गया था ।

## विप्र कॉलेज एवं वीतराग रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

**रायपुर 4 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला , वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय एवं वितराग रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में एंटी रैगिंग सेल द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं बालिका समस्या निवारण प्रकोष्ठ द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रैगिंग एक अपराध विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रैगिंग की भयावह स्थिति का चित्रण किया एवं रैगिंग से बचाव के उपाय को भी चित्रित किया। चित्रकला प्रतियोगिता में दानवीर बी. एड. के छात्र ने प्रथम स्थान एवं बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र नवीन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिला सम्मान एवं सुरक्षा विषय पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं के साथ छात्रों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इसमें इसमें नारी का करो सम्मान तभी देश बनेगा महान, पढ़गी बेटी बढ़ेगी बेटीऔर नारी शिक्षित परिवार शिक्षित जैसे विषयों को रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित किया।



## शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत स्थल पर मनाया जाएगा शहादत दिवस

**रायपुर 4 दिसम्बर।** आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश कमेटी की बैठक दोपहर 02 बजे संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता राज्य आंदोलनकारी किसान मोर्चा के संस्थापक दाऊ जी.पी.चंद्राकर ने किया।बैठक में राज्य आंदोलनकारी किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे, जागेश्वर प्रसाद,लालाराम वर्मा,इंजी. अशोक ताम्रकार,गिरधारी सिंह ठाकुर,वेगेंद्र सोनवेर,डॉ.पंचराम सोनी,गोवर्धन वर्मा,चंद्रप्रकाश साहू, नंदकिशोर यादव,चैनुराम साहू, लीलाधर पटेल,नंदलाल पटेल,चयन कौशिक,बृजबिहारी साहू,राकेश साहू,गणपति पटेल,दशरथी चौहान, चंदूमल राठी,अशोक कश्यप,शिव प्रसाद साहू,गणेश योगी,आशीष पटेल सहित 50 से अधिक पदाधिकारीगण सामिल हुए।बैठक में विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान,गदर के महानायक, महान राष्ट्र भक्त, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह जी के दूसरा शहादत दिवस 10 दिसम्बर 2022 को शहादत स्थल जय स्तम्भ चौक राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश समिति के पदाधिकारी, जिला प्रभारियों को जबाबदारी दिया गया।




## भारत जोड़ो यात्रा में देश को बचाने का आव्हान

# केन्द्र में बैठी मोदी सरकार से जनता त्रस्त:कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 4 दिसंबर।**अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी जी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा लगातार जारी है। इसी के तारतम्य में भारत जोड़ो यात्रा के विधानसभा प्रभारी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में शनिवार 03 दिसंबर को भारत जोड़ो यात्रा शहर के दक्षिण ब्लॉक के जयस्तंभ चैक से निकाली गई जो वार्ड का भ्रमण कर कामठी लाइन स्थित सत्यनारायण धर्मशाला में यात्रा का समापन हुआ। भारत जोड़ो यात्रा धार्मिक स्थलों में माल्यार्पण व श्रीफल अर्पण कर मत्था टेकते हुए निकली। इस यात्रा का जगह-जगह फूलमालाओं से स्वागत किया गया। शहर जिला कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने यात्रा की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेशानुसार शहर जिला कांग्रेस प्रभारी अरूण सिसोदिया के मार्गदर्शन व भारत जोड़ो यात्रा राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी व शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत दक्षिण ब्लॉक से 03 दिसंबर शनिवार को दोपहर 3.30 बजे जयस्तंभ चैक से भारत जोड़ो जयघोष के नारे के साथ भारत जोड़ो यात्रा का शुभारम्भ किया गया। जो मानव मंदिर चैक पर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर सिनेमा लाइन, आजाद चैक, गुड़ाखू लाइन पहुंची जहां पर शमशुद्दीन सैफी के नेतृत्व में यात्रा का भव्य स्वागत कर यात्रियों को फुलमाला पहनाकर स्वागत कर जलपान कराया। तत्पश्चात यात्रा हमालपारा सिद्धपीठ मां लक्ष्मी मंदिर, हनुमान मंदिर, सांई मंदिर में पूजा अर्चना की इसके बाद यात्रा पुनः गुड़ाखू लाइन होते हुए जूनी हटरी, जयस्तंभ चैक, गोल बाजार, हमालपारा होते हुए कामठी लाइन स्थित सत्यनारायण धर्मशाला में यात्रा का समापन हुआ।

भारत जोड़ो यात्रा के विधानसभा प्रभारी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि आम जनता के बीच भारत जोड़ो यात्रा का अच्छा प्रतिफल देखने को मिल रहा है शहरवासी जागरूक होकर स्वस्फूर्त इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं और विभिन्न विषयों पर संवाद भी कर रहे है। श्री छाबड़ा ने कहा कि केन्द्र में बैठी मोदी सरकार के तानाशाही रवैये से आज हर वर्ग परेशान और हताश नजर आ रहा है। वहीं छत्तीसगढ़ राज्य की भूपेश बघेल सरकार के जनहितकारी योजनाओं व उनके कामकाज को देख हर वर्ग उसे सराह रहे है और प्रशंसा कर रहे है। दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन द्वारा भारत जोड़ो, नफरत तोड़ो जयघोष व केन्द्र की मोदी सरकार की असफल नीतियों का बखान करते हुए निकले। इस दौरान वार्ड के कांग्रेसनेता जितेन्द्र शर्मा सक्रिय रूप से शामिल होकर वार्डवासियों को यात्रा का उद्देश्य बताते हुए चल रहे थे। यात्रा में प्रमुख रूप से अंत्यावसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, नथमल कोटडिया, रईस अहमद शकील, भरत भूषण शर्मा, उमेश जोशी, नगर निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, सविता ठाकुर, शमशुद्दीन सैफी, जलालुद्दीन निर्वाण, महेन्द्र शर्मा, नासिर जिंदरान, हनी ग्रेवाल, आफताब आलम, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रौशनी सिन्हा, अजय सिंह परिहार, महेश अग्रवाल, विजय शर्मा,अब्बास खान, जसबीर सिंह भाटिया, प्रमोद बागड़ी, खैरूनिशा, घासीराम सिन्हा, डा.राकेश कुमार, अतुल शर्मा, लखु रूचंदानी, मनीष गौतम, अजय अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण, राजा यादव, रीना पटेल, सुरेन्द्र देवांगन, खिलेश बंजारे, सुनिता सिन्हा, संगीता साहू, मोहसिन कुरैशी, नासिर, अशोक सेन, दुर्गेश, अनिल सिन्हा, शशि साहू, राजेश यादव, विद्या त्रिपुरे, पार्षद महेश साहू, पूर्णिमा नागदेवे, भोली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल थे।

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ने अपनी अपकमिंग थ्रिलर फिल्म फ्रेडी का एक पोस्टर जारी किया। इस पोस्टर से फिल्म में एक्ट्रेस अलाया फर्नीचरवाला का फर्स्ट पहला लुक सामने आया है। अलाया ने फिल्म में कैनाज का किरदार निभाया है। फिल्म में पोस्टर को शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा, मिलिए फ्रेडी के जुनून कैनाज से पोस्टर एक पहेली की संकेत करता है।



## किसी को खोने के दुःख का अनुभव करना काफी कठिन

देसी मेलोडीज़ आज सबसे प्रसिद्ध और अच्छी तरह से प्राप्त भारतीय म्यूजिक लेबल में से एक है। जब भी कोई नया गाना रिलीज़ होता है, देसी मेलोडीज़ ने हमेशा दर्शकों को अपने गानों से दीवाना बनाया है। अंजलि



अरोड़ा और रोमाना पर फिल्माया गया देसी मेलोडीज़ का नया गाना क्या होता निश्चित रूप से हमें दीवाना करने वाला है और हमारी लूप लिस्ट में यह गीत शामिल होगा। यह गाना एक ऐसे जोड़े की प्यारी प्रेम कहानी है जो प्यार में पड़ जाता है, लेकिन लड़का एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है। उसका प्यार उसका समर्थन करता है और उसके साथ खड़ा होता है, उसे खुश करने की कोशिश करता है और उसे अपने जीवन के अंतिम क्षणों में उसके साथ बिताती है। कहानी अपने अद्भुत साउंड-ट्रैक और भावपूर्ण गीतों के साथ एक प्यारी प्रेम कहानी को चित्रित करती है, जो हमें इसे बार-बार सुनने से नहीं रोक सकती है। प्रशंसकों को यह नई जोड़ी बीहड़ पसंद आयी है और वह गाने पर अपना प्यार बरसा रहे हैं। देसी मेलोडीज के ओनर और म्यूजिक लेजेंड बी-प्राक ने भी क्या होता गाने पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं है, सिंगर कहते हैं, जब मैंने पहली बार संगीत सुना, तो मैं पूरी तरह से मंत्रमुग्ध हो गया था क्योंकि इसकी अवधारणा भेहत अच्छी है।

## काशिका कपूर जो है कई फेमस ब्रांड् का चेहरा

मेरे जैसे एक बाहरी व्यक्ति के लिए फेमस ब्रांड्स का चेहरा बनना एक बड़ी बात है, अभिनेत्री काशिका कपूर जो कई फेमस ब्रांड्स का चेहरा है। सॉफ्ट ड्रिंक्स से लेकर 'इलाइची', क्रीम से लेकर कारों और सौंदर्य के प्रोडक्ट्स तक, मशहूर हस्तियों की भारतीय अद्वेर्तिसेमेन्टस में प्रजेंस है। अद्वेर्तिसेमेन्ट्स द्वारा यह अच्छी तरह से समझा गया है कि उनके ब्रांड्स के



चेहरे के रूप में एक सेलिब्रिटी होने से उन्हें तुरंत पहचान मिल जाती है। वे बड़ी संख्या में फैन फॉलोइंग वाली हस्तियों को अपने ब्रांड का चेहरा बनाना चाहते हैं। हमारी प्रतिभाशाली अभिनेत्री काशिका कपूर, जिन्होंने अपने प्रदर्शन, ग्लैमरस अप्पेअरेंस और सौंदर्या से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है, अब वह सभी ब्रांडों के लिए पसंदीदा बन गई हैं। काशिका कपूर, जो की 19 वर्षीय अभिनेत्री और मॉडल है, जो सोशल मीडिया पर काफी फेमस है। पिछले कुछ समय से वह शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। इतनी कम उम्र में भी, अभिनेत्री ने अपनी टैलेंट, सुंदरता और वेर्सटिलिटी की बदौलत अपनी पहचान हासिल की है। ब्रांड्स के बारे में बात करते हुए जब वे अभिनेत्री को उनका चेहरा बंने के लिया उन्हें अप्प्रोच किया, तब काशिका ने कहा, मैं अद्वेर्तिसेमेन्ट में मशहूर हस्तियों को देखकर बड़ी हुई हूं, इसलिए मेरे जैसे बाहरी व्यक्ति के लिए अब इस तरह के ब्रांड्स का चेहरा बनना बहुत ही बड़ी बात है।

## उर्वशी रौतेला का बॉस, रश्मिका मंदाना के डांस से अधिक पसंद आ रहा

बॉलीवुड इंडस्ट्री की सबसे कम उम्र की सुपरस्टार उर्वशी रौतेला अपनी लगन और मेहनत की बदौलत पूरी दुनिया में मशहूर हो रही हैं। अभिनेत्री हर दिन अधिक से अधिक लोकप्रिय हो गई है। अपने मोहक रूप और व्यक्तित्व के साथ, उर्वशी शो को चुराने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। अपने अथक प्रयासों और अभिनय के जुनून की वजह से अभिनेत्री ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। उर्वशी टॉलीवुड में भी खुद को स्थापित कर रही हैं; अभिनेत्री जल्द ही वाल्टेयर वीरैय्या में दिखाई देंगी। इस आगामी एक्शन एंटरटेनर के निर्देशक बॉबी कोल्ली हैं। दूसरी ओर, उर्वशी ने हाल ही में अपने अद्भुत नृत्य कौशल और करिश्माई व्यवहार की बदौलत बॉस पार्टी गाना जिसमे सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ उर्वशी दिखाई दी है ! इस गाने ने सबका दिल जीत लिया। दोनों की तीव्रता ने बार को काफी ऊपर उठा दिया है। उर्वशी की मोहक नृत्यांगना उपस्थिति आपको मदहोश कर देगी। नेटिज़न्स का दावा है कि उर्वशी रौतेला बॉस पार्टी में रश्मिका के रंजीतामे और कियारा आडवाणी की बिजली से एक अरब गुना बेहतर हैं, जिससे हम बिलकुल सहमत है! फैंस उनके शानदार लुक्स और डांस मूव्स के दीवाने हो गए, जिस पर उनके एक फैन ने कमेंट किया



## 'क्या होता' के लिए रोमाना पर आंख बंदकर भरोसा

सबसे लोकप्रिय और अच्छी तरह से पसंद किए जाने वाले भारतीय संगीत लेबल में से एक देसी मेलोडीज़ है। दर्शकों को लगातार देसी ट्यून्स की उत्कृष्ट कृतियों के साथ नचाया या प्यार कराया गया है। और अब, देसी मेलोडीज़ से अंजलि अरोड़ा और रोमाना के नए गाने क्या होता को प्रशंसित



गीतकार जानी से प्रशंसा मिली है, जिन्होंने नाह, क्या बात है, पछताओगे, फ़िलहाल, जैसे अविश्वसनीय गाने लिखे हैं। तीतलियान, बारिश की जाए। तितलियान प्रसिद्धि, जानी ने न केवल 'क्या होता' के लिए गीत लिखे, बल्कि उन्होंने पेप्पी फंक बीट का निर्माण और रचना भी की; अपनी विशिष्टता के साथ शैली को फिर से नया रूप देना। गाने के बारे में बात करते हुए जानी ने कहा, मुझे यह कहने से शुरू करना चाहिए कि मुझे रोमाना पर गर्व है और वह अपने करियर में कितनी दूर तक आए हैं। पिछले कुछ महीनों में उनका प्रदर्शन अद्भुत रहा है। मैंने 'क्या होता' के लिए उन पर भरोसा किया और उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया; यह एक भावनात्मक गीत है, लेकिन बहुत अलग तरह से पैक किया गया है, इसलिए इसे इतनी आसानी से खींचना मुश्किल है। जिस तरह से अंजलि के साथ इसका वीडियो सामने आया है, उससे मैं बहुत एक्ससिटेड और सटिस्फीएड हूं, हमेशा की तरह, अरविंदर खैरा ने फिर दिखाया अपना जादू!

## लारिस बोन्सी और हनी सिंह के गाने जाम के 15 मिलियन पूरे

मैं स्टेबिन बेन के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए बहुत एक्ससिटेड हूं, जाम के लिए मुझे 15 मिलियन हिट्स तक पोहोचाने के लिए बहुत धन्यवाद÷, अभिनेत्री लारिसा बोन्सी ने अपने अगले प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए कहा!लैरिसा बोन्सी यंग टैलेंटेड अभिनेत्री, एक ऐसी कलाकार हैं, जिन्होंने दर्शकों के दिलों में अपने लिए एक नाम कमाया है। लारिसा के पास पीछे मुड़कर देखने का कोई रास्ता नहीं है और वह हर दिन अपने प्रदर्शन से अपने सभी प्रशंसकों को चौंका देती है। लारिसा को हाल ही में यो यो हनी सिंह के साथ उनके पार्टी ग्रूवी गाने के लिए प्रशंसा मिली, जिसमें वह सुंदरता की देवी से कम नहीं लग रही हैं, और गाने ने केवल एक हफ्ते में यूट्यूब



चैनल पर 15 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है।गाने में दिखाया गया है कि कैसिनो में आए एक अमीर आदमी के ड्राइवर की जिंदगी कैसे बदल जाती है। पलक झपकते ही, वे नियति की अदला-बदली कर लेते हैं, और ड्राइवर उर्फहनी सिंह को एक खूबसूरत लड़की मिल जाती है, और अमीर आदमी उसका ड्राइवर बन जाता है। हम निस्संदेह कह सकते हैं कि यो-यो धमाकेदार वापसी कर रहा है। अभिनेत्री लारिसा बोन्सी ने अपने गाने के 15 मिलियन तक पहुंचने के लिए अपना आभार व्यक्त करने पर कहा, ÷दर्शकों द्वारा हमारे गाने पर बरसाए जा रहे प्यार के लिए मैं आभारी और एक्ससिटेड हूं।÷ अपने दर्शकों के लिए स्क्रीन पर इसे परफेक्ट बनाने के लिए हम कलाकारों के लिए बहुत मेहनत और समर्पण लगता है, और हमारे प्रशंसकों का अपार प्यार हमें कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करता है। 15 मिलियन एक बहुत बड़ा मील का पत्थर है, खैर, 15 मिलियन और गिनती ! वाह! प्रक्रिया करने के लिए बहुत कुछ। मुझे 15 मिलियन बार प्यार करने के लिए धन्यवाद। मेरे सभी प्रशंसकों के लिए मेरे पास एक और सरप्राइज है! मेरा नया सोंग वीडियो जल्द ही स्टेबिन बेन के भावपूर्ण संगीत की अनुभूति के साथ रिलीज होने जा रहा है। यह गाना वास्तव में उन गानों में से एक है जो आपको इसकी धुन और संगीत से प्यार करने पर मजबूर कर देगा।

# पछतावे की एक प्रेम कहानी 'कथा अनकही'

प्यार एक ऐसी भावना है, जो दो लोगों को जोड़ता है, लेकिन क्या कोई प्रेम कहानी सबसे त्रासद पल से जन्म ले सकती है? सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की आगामी आकर्षक कहानी 'कथा अनकही' प्यार, पछतावे और एक ऐसे ज़ख्म के एहसास में गहराई तक जाती है, जिसे कभी माफ नहीं किया जा सकता। 'कथा अनकही' दुनिया भर में मशहूर टर्किश ड्रामा '1001 नाइट्स' (बिंबिर जीसी) का हिंदी रीमेक है। 50 से ज्यादा देशों में सफलता हासिल करने के बाद अब यह शो भारतीय दर्शकों को प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें एक ऐसे गहरे ज़ख्म की दिलचस्प कहानी है,




जिससे कथा और विआन के बीच दरार पैदा हो जाती है। दुनिया भर में सराही गई इस सीरीज़ के दो किरदार - सेहराज़त और ओनुर के भारतीय संस्करण में नजर आएंगे अदिति देव शर्मा और अदनान खान। स्फीयर ओरिजिंस के निर्माण में बने इस शो का प्रीमियर 5 दिसंबर को हो रहा है, जो हर सोमवार से शुक्रवार रात 8:30 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाएगा। अवॉर्ड विजेता आर्किटेक्ट कथा, हिम्मत और महत्वाकांक्षा की एक मिसाल है। वो अपने पेशे में हमेशा आगे रहती है, लेकिन कभी किसी को अपनी कमजोरियां नहीं दिखाती, भले ही उसे कितनी गहरी चोट क्यों ना लगी हो या फिर वो भावनाओं के कितने भी भयंकर तूफान से क्यों न गुजर रही हो! दूसरी ओर, विआन पुरुषवादी सोच रखता है, जो महिलाओं के खिलाफ है, क्योंकि वो औरतों को सिर्फ मौकापरस्त मानता है। लेकिन जब कथा और विआन एक ऐसे मोड़ पर आए तूफान का सामना करेंगे, जहां से लौट पाना मुमकिन नहीं है, तब क्या उनका रिश्ता आगे बढ़ेगा?

## कहानी में ट्विस्ट!

एण्डटीवी के शोज 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में दर्शक कुछ दिलचस्प ट्विस्ट का आनंद उठायेंगे। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' के बारे में बताते हुये कृष्णा ने



कहा, ''शो में अब तक के सबसे बड़े ड्रामा से पर्दा उठने वाला है, क्योंकि यशोदा (नेहा जोशी) को आखिरकार पता चल जायेगा कि कृष्णा (आयुध भानुशाली) दरअसल अशोक (मोहित डागा) का बेटा है। कामिनी कृष्णा को बहकायेगी और यशोदा के साथ उसके रिश्ते का पता लगायेगी, जिससे बाद में उसे पता चलता है कि वह अशोक और माला का बेटा है। अशोक कामिनी से विनती करेगा कि वह कृष्णा और उसके रिश्ते के बारे में किसी को भी नहीं बताये और इसके बदले वह उसे पैसे देने का सौदा करता है। इस बीच यशोदा माला (निधि उत्तम) की तस्वीर शेल्फपर रखेगी और कहती है कि उसे न्याय और सम्मान मिलना ही चाहिये। अशोक यह देखकर डर जाता है और आखिरकार खुद ही यशोदा को सच बता देता है कि वही कृष्णा का पिता और माला का प्रेमी है। क्या यशोदा परिवार के दूसरे लोगों से इस राज को छुपा कर रखेगी?

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' के बारे में बताते हुये कटोरी अम्मा कहती हैं, ''बच्चे और राजेश (कामना पाठक) हप्पू (योगेश त्रिपाठी) से कार लेने के लिये कहते हैं। हालांकि, कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) इसके खिलाफ हैं। अगले दिन, कमिश्नर किशोर भानुशाली मनोहर को मेंटेनेंस कराने के लिये अपनी कार प्यारी सौंपता है, क्योंकि वह किसी काम से बाहर जा रहा है। जैसे ही हप्पू को इस बारे में पता चलता है, वह मनोहर को ''प्यारी'' को घर लाने के लिये मना लेता है। नई कार देखकर पूरा परिवार खुश हो जाता है और ढ़ोल पर डांस करने लगता है। दूसरी ओर, कटोरी अम्मा अपनी मर्जी के खिलाफ कार लेने पर हप्पू से गुस्सा हो जाती हैं और दो थप्पड़ मार देती हैं। असली ट्विस्ट तो तब आता है, जब कमिश्नर शहर में वापस आ जाता है और अपनी कार ढूंढने लगता है, लेकिन कटोरी अम्मा हप्पू को बताये बिना कार बेच देती है।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' के बारे में बताते हुये अनीता भाबी ने कहा, ''दरगाह से वापस आते समय विभूति (आसिफ शेख) और अंगूरी (शुभांगी अत्रे) का स्कूटर खराब हो जाता है। मदद मांगने के दौरान, उनकी मुलाकात एक बाबा से होती है, जो उन्हें बताता है कि जल्दी ही उन पर एक बड़ी मुसीबत आने वाली है। शुरुआत में विभूति उनकी बात नहीं मानता है, लेकिन बाद में उसे बाबा की बातों के सच होने का आभास होता है। वे दोनों बाबा को लेकर मॉडर्न कॉलोनी आते हैं और सभी लोगों को बुलाते हैं, ताकि आने वाली समस्या के बारे में सभी को आगाह किया जा सके। अनीता और प्रेत (विश्वजीत सोनी) को छोड़कर सभी लोगों को उस पर विश्वास हो जाता है। इस समस्या का हल बताते हुये बाबा सभी से कहता है कि वे लोग एक सप्ताह तक भिखारी का वेष बनाकर रहें और उससे मिलने वाली आमदनी से ही अपने खाने-पीने का बंदोबस्त करें। अनीता और प्रेम को छोड़कर सभी लोग भिखारी का वेष बना लेते हैं और भीख मांगने वाली अलग-अलग जगहों पर चले जाते हैं। इस बीच रूसा (चारूल मलिक) टीका (वैभव माथुर) और टीलु (सलीम जैदी) से सूट पहनकर आने के लिये कहती है, क्योंकि उसके पापा आ रहे हैं, लेकिन वे दोनों उसकी बात नहीं मानते। इसके साथ ही दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) आते हैं और घोषणा करते हैं कि सरकार ने सभी भिखारियों को पकड़कर हेल्प सेंटर में बंद करने के लिये कहा है।''

# 'अलीबाबा दास्तान-ए-काबुल' में अपनी भूमिका के बारे में बताया

आकर्षक कहानी के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने से लेकर रोमांच से भरी यात्रा पर ले जाने तक, सोनी सब के 'अलीबाबा दास्तान-ए-काबुल' में ये सबकुछ है। इस शो ने अपनी अलग तरह की कहानी और अपने दिलचस्प किरदारों से दर्शकों की काफी ज्यादा तारीफें बटोरी हैं। इसी तरह का एक अनूठा किरदार निभाया है, रवीज़ ठाकुर उर्फखबीस ने। वह चालीस चोरों का सरदार है।

'अलीबाबा दास्तान-ए-काबुल' में अपनी भूमिका के बारे में रवीज़ कहते हैं, ÷दर्शकों ने इस किरदार को दो तरीकों से समझा है-या तो हीरो के रूप में या विलेन के रूप में। एक एक्टर के रूप में, मैंने इस किरदार के अलग-अलग शेड को देखा है और इसे अपने तरीके से मनोरंजक बनाने के लिये निखारा है। मेरा किरदार भी ऐसा ही है। उसकी लंबी-चौड़ी,विशालकाय कद-काठी है और उसका चेहरा आधा झुलसा हुआ है। 40 चोरों के साथ उसकी मौजूदगी पूरे गिरोह को खतरनाक बनाती है। वह दुष्ट है और खून का प्यासा है और वह हमेशा ही बच्चों को अपना आज्ञाकारी हत्यारा बनने की ट्रेनिंग देने की फिराक में रहता है। वह लंबे समय से अपनी महारानी सिमसिम के साथ उसके मालिक, इब्लिस को अनंत नींद से जगाने के लिये उसका साथ दे रहा है। इब्लिस की नींद का कारण मुस्तफा है। खबीस की आंखों का रंग अलग है और उसके पास सम्मोहन की ताकत है। इस शो में एक परफेक्ट खलनायक के रूप में उसकी मौजूदगी है।

खबीस के 40 चोरों के गिरोह के बारे में कभी किसी के द्वारा ना सुने जाने को लेकर, रवीज़ इस शो में अपने किरदार के महत्व के बारे



में बताते हैं। वह कहते हैं, ÷खबीस एक ऐसा किरदार है, जिसका इन कहानियों में जिक्र नहीं है और खबीस इस भूमिका को अच्छी तरह निभाएगा। शुरूआत में, मुझे इस किरदार को लेकर थोड़ा संदेह था, क्योंकि यह ऊबाऊ और कम एक्टिव लग रहा था। फिर जब, परवाज के शहर में उसकी चतुराई और उसका सहज रूप सामने आता है तो वह काफी बेहतरीन हो जाता है।

इस शो में अपने-अपने कॉस्ट्यूम में हर किरदार की अपनी एक अलग खासियत है और ऐसा ही रवीज़ के साथ भी है। परदे पर अपने लुक के बारे में, खबीस कहते हैं, ÷खबीस का लुक मजाक नहीं है। इस लुक को पेश करने में मुझे काफी मेहनत करनी पड़ी। इस कॉस्ट्यूम में एक्टिंग करना, सबसे ज्यादा मुश्किल काम था, जिसका सामना मुझे करना पड़ा। इसके अलग लुक के अलावा, खबीस के किरदार में काफी कुछ है। जब वह सिमसिम के सामने आता है तो वह एक वफादार नौकर है, जो ज्यादा बातें नहीं करता। जब वह गुफा से बाहर निकलता है तो उसकी बॉडी लैंग्वेज और बोलने का अंदाज बदल जाता है, जो उसे 40 चोरों के लीडर की तरह बनाता है। मैंने इस किरदार को अलग बनाने के लिये कुछ खास शामिल किया है। मैंने थोड़ा-बहुत अफगानी अंदाज में बोलने की कोशिश की है, जो इस किरदार को वास्तविक और दमदार बनाता है। इस लुक के बारे में खास बात है कि यह ना केवल शैतानी है, बल्कि एक अद्भुत अंदाज को भी दर्शाता है। इस किरदार के बारे में पिछले 4-5 महीनों से एक्टिंग करते हुए मैं कई बार खबीस के शैतानी लुक को मिस करता हूं, जब भी मैं अपने वास्तविक रूप में आता हूं

## प्यार के सात वचन धरम पत्नी? कृतिका सिंह यादव जो प्रतीक्षा पारिख का किरदार निभा रही



सवाल : 'धरम पत्नी ' में आपको प्रमुख किरदार निभाने का मौका कैसे मिला?

जवाब : सिर्फ और सिर्फ ऑडिशन की वजह से। हुआ यह कि मेरे मैनेजर ने मुझे इस शो के लिये एक ऑडिशन भेजा और प्रतीक्षा के किरदार के लिये मेरा ऑडिशन भी हुआ। ऑडिशन देने के बाद मैं इस बारे में भूल गई थी। कुछ दिनों के बाद मुझे एक कॉल आया, जिसमें मुझे बताया गया कि मेरा सेलेक्शन हो गया है। मैंने इस शो के लगभग सभी किरदारों के लिये ऑडिशन दिया था, लेकिन मैं खुशकिस्?मत हूं कि मुझे इस किरदार को निभाने का मौका मिला।

सवाल : चूंकि, आपकी शादी नहीं हुई है। आपकी राय में एक आदर्श धरम पत्नी कैसी होनी चाहिये?

जवाब : मैंने अभी बस इस शो के साथ शुरूआत की है और प्रतीक्षा के किरदार से काफी कुछ सीख रही हूं जैसे कि वह कैसी है और क्यां करती है। असल जिंदगी में, मुझे लगता है कि मैं वैसी नहीं हूं। मेरा मानना है कि आज के समय मै भूमिकायें असल जिंदगी और रील लाइफ के मुकाबले काफी अलग होती हैं। मेरी राय में कुछ भी परफेक्ट या आइडल नहीं होता है, बल्कि यह एक परस्पलर निभाया जाने वाला रिश्तौ है, जिसमें दोनों की सहमति जरूरी है। इस रिश्ते में प्या र, समझदारी और भरोसा होना चाहिये और इन तीनों स्तंतभों की वजह से ही कोई भी रिश्ताह दोतरफा होता है और धीरे-धीरे और भी बेहतर बनता जाता है। इसलिये, मुझे लगता है वास्तभविक जीवन में धरम पत्नी ऐसी ही होती है या धरम पत्नीइ को ऐसा ही होना चाहिये।

सवाल : अपने आगामी प्रोजेक्ट्सं के बारे में हमें कुछ बतायें।

जवाब : मेरे आगामी प्रोजेक्ट्सद साउथ फिल्म्स् होने वाली हैं। मैंने 2 साउथ फिल्मों में काम किया है। दुर्गा शायद अगले साल रिलीज होगी। और दूसरी फिल्मद तेलुगू में है, जो जल्दी आने वाली है। मुझे पता नहीं कब, लेकिन उम्?मीद है कि अगले तीन-महीनों में वह भी आ जायेगी। मेरे अगले 2 प्रोजेक्ट्स् यही हैं।

सवाल : क्यां आप अपनी जिंदगी में अभी तक के अपने कॅरियर और इस भूमिका एवं नये शोज के मिलने से संतुष्टअ हैं?

जवाब : हां, बहुत हद तक, क्योंकि यह मेरी जिंदगी में सकारात्मिक रूप से कई बदलाव लाने जा रहा है। इसलिये हां।

## काशिका कपूर अपनी फिल्म के लिए कर रही थी इतने सालो से तैयारी

जब भी कोई अभिनेता लाइमलाइट की दुनिया में कदम रखता है, तो वे हमेशा अपने लिए एक जगह बनाने और अपने दर्शकों और प्रशंसकों को यह साबित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि वे अपने गहन लेकिन प्रेरणादायक



अभिनय के माध्यम से उद्योग में बने रहने के लिए कड़ी म्हणत करते है जो उन्हें हर दिन सफलता की सीढ़ी पर चढ़ाता है। युवा, प्रतिभाशाली अभिनेत्री काशिका कपूर एक ऐसी अदाकारा हैं, जिन्होंने दर्शकों के दिलों में अपनी एक जगह बनाई] है और अपनी म्हणत से नाम कमाया है। बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से एक जिन्होंने अपनी असाधारण अभिनय क्षमता और शानदार उपस्थिति दोनों से खुद को स्थापित किया है, काशिका कपूर हैं। अभिनेत्री हर बार स्क्रीन पर दिखाई देने के बाद शो दर्शोकों के दिलो पर अपने अभिनय से राज करने में कभी भी विफल नहीं होती है, चाहे वह संगीत वीडियो या वेब सीरीज में हो और अब, अभिनेत्री अपनी पहली बड़ी फिल्म के साथ दर्शकों के दिलों में जगह बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसे हमे उनको पहले न देखे गए अवतार में देखने के लिए पूरी तरह से त्यार है। यह उन परियोजनाओं में से एक होने जा रहा है जो मुझे एक अभिनेता के रूप में व्यक्तिगत रूप से चुनौती देगा।

## अनदेखी एक अविश्वसनीय यात्रा रही

वरुण भगत ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में सबसे शानदार किरदारों में से एक का किरदार निभाया है। अभिनेता के पास एक विशाल प्रशंसक है और सोनी लिव की सबसे लोकप्रिय वेब सीरीज अनदेखी के कारण उन्हें पहचान मिली है। इस हॉटी ने शो में लकी की भूमिका निभाई और अपने दमदार व्यक्तित्व और आकर्षण से सुर्खियां बटोरी। एक अभिनेता के लिए अपने काम के लिए पहचाना जाना सबसे खुशी की बात होती है। और वरुण, जो दुनिया भर के दर्शकों द्वारा अपने किरदार लकी के लिए सबसे ज्यादा पसंद किया जाते है, और वे मान्यता के लिए अपना आभार व्यक्त करता है और कहते है, ÷वरुण नहीं बल्कि मेरे किरदार लकी द्वारा पहचाना जाना वास्तव में एक अविश्वसनीय एहसास है। फिर भी, मैं जहां भी हूं जाओ, लोग मुझे लकी कहते हैं। चाहे वह भारत में हो या विदेश में। अनदेखी की पहुंच इतनी अविश्वसनीय रूप से व्यापक है कि लोगों ने मुझे पहचान लिया है और मुझे दुबई जैसी जगहों पर रोक दिया है। ÷जब आपकी मेहनत रंग लाती है तो बहुत ही ज़्यादा अच्छा लगता है÷। अभिनेता ने यह भी कहा, ÷मैं बहुत खुश हूं; ईमानदारी से कहूं तो मैं लकी की तरह नहीं हूं, कि वास्तविक जीवन में लेकिन फिर भी, मैं उसके साथ सहानुभूति और सहानुभूति रख सकता हूं। लकी एक महान चरित्र है और इसमें बहुत सारे रंग हैं जो उम्मीद करता हु की आप सभी को समय पर देखने मिलेंगे। यह सीरीज़ सिद्धार्थ सेनगुप्ता द्वारा बनाई गई थी, जिसे आधिकारिक तौर पर सोनी लिव पर रिलीज़ किया गया था।



## फिल्म 'घरोंदा ' में छॉलीवुड के बेहतरीन अदाकार कांकेर निवासी संजय जैन की विशेष भूमिका...

रायपुर...खोब्रागडे फ़िल्म की प्रस्तुति निर्माता हेमनाथ खोब्रागडे निर्देशक राजा खान की छतीसगढ़ी फ़िल्म घरोंदा में बेहतरीन अदाकार के रूप में छालीवुड को बाप मिल गया है। इस बाप का नाम है संजय जैन। बहुमुखी प्रतिभा के धनी अभिनेता संजय जैन ने छत्तीसगढी पारिवारिक फिल्म घरौंदा में जर्बदस्त अपने किरदार को जीवंत करते नजर आयेंगे प्रसिद्ध अभिनेता संजय जैन । यह फिल्म 16 दिसम्बर से प्रदेश के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।आपको बता दे कि फिल्म एक्टर संजय जैन किसी परिचय के मोहताज नही है वे जितने अच्छे एक्टर हैं उतने ही अच्छे स्पोर्ट्स मैन भी। संजय जैन ने अपनी फिल्मी कैरियर की शुरुआत छत्तीसगढ़ की पहली रंगीन फीचर फिल्म मोर छैया भुइयां से की है इसके अलावा इन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी, संगी , मैं टुरा अनाड़ी तभो खिलाड़ी, आई लव यू, आई लव यू 2 , हँस झन पगली फस जाबे आदि फिल्मों में अलग-अलग किरदारों को करते हुए नजर आए हैं। छत्तीसगढ़ी फिल्मों के अलावा भोजपुरी फिल्मों में भी अपना जलवा बिखेर चुके हैं भोजपुरी फिल्म विवाह, मेहंदी लगा के रखना 2 जैसी सुपरहिट फिल्मों में चरित्र अभिनेता के रूप में कार्य कर चुके हैं संजय जैन की अभी आने वाली फिल्मों की सूची भी बहुत लंबी है जिसमें सुंदरानी फिल्म्स के बैनर तले एक अनाम फिल्म उन्होंने की है उसके अलावा अभिषेक सिंह की राधेश्याम राजा खान की झिटकु मिटकी ,प्यार होगे चोरी-चोरी की है। संजय जैन ने कहा की हिंदी फिल्म या वेब सीरीज में कार्य करने का अवसर मिले तो वह जरूर करेंगे

## क्या वंदना को राजेश के गोवा प्लान के बारे में पता चल जायेगा?

सोनी सब के शो 'वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नये किस्से ने हर हफ्ते जिंदगी का पाठ पढ़ाने वाली कहानियों के साथ अपने दर्शकों को आकर्षित करके रखा है। इस सप्तासह के एपिसोड की शुरूआत में, हमने सखी के वायरल वीडियो को देखा, जिसमें डोनेशन के पैसों को अपनी जेब में डालने के कुलदीप



के स्कैकम का खुलासा हुआ। आखिरकार, राजेश की जिंदगी में एक हंगामा खड़ा होता है जिससे सखी को पत्रकारिता की ताकत का महत्वआ समझ आता है और फिर से उसका भरोसा इसमें बहाल होता है। आगे की कहानी में, हम देखते हैं कि राजेश और उसके दोस्तह एक हाउस पार्टी कर रहे हैं, जहां हर कोई अपनी बीवी एवं बच्चों के बिना गोवा में छुट्टियां मनाने की योजना बना रहा है। हालांकि, राजेश उनके साथ ट्रिप पर आने से मना कर देता है, लेकिन जोशिपुरा एवं हर्षद उसे 'जोरू का गुलाम' कहकर बुलाते हैं। उनके जोर देने के बाद, राजेश गोवा जाने के लिये मान जाता है, हालांकि, जब वंदना के फोन पर टिकट बुकिंग का ओटीपी आता है, तो वह फंस जाता है। जब वंदना राजेश को ओटीपी के बारे में बताती है, तो वह ऑनलाइन धोखे के बढ़ते खतरे की बात करके बहाना बना देता है।

## 'मैडम सर' में हो रही है उर्मिला की वापसी?

सोनी सब का सुपर कॉप शो 'मैडम सर' ड्रामा और मनोरंजन से भरपूर होकर हफ्ते दर हफ्ते दर्शकों के लिये नये-नये ट्विस्ट्सप लेकर आ रहा है। और अब हमारे लिये एक नया ट्विस्टस और सरप्राइज आने वाला है, क्योंकि शो में उर्मिला की वापसी हो रही है। जी हाँ, आपने सही सुना! दर्शक शो में जल्दी ही उर्मिला का स्वैग देखेंगे।शिवानी ताई ने अनजाने में सायरा को मार दिया और महिला पुलिस थाना में सरेंडर कर दिया। महिला पुलिस थाने में हर कोई चिंगारी गैंग पर अपनी जीत को लेकर उत्सानह में है। करिश्मा और हसीना मस्तीम कर रही हैं और फुग़डी खेल रही हैं। हसीना का संतुलन बिगड़ जाता है और उसका सिर दीवार से टकराने के बाद वह गिर जाती है। एक और बड़ा बदलाव होने वाला है, क्योंरकि हसीना ठीक होकर उर्मिला बन गई है। महिला पुलिस थाना में हर कोई दंग है, लेकिन करिश्मास हसीना से सवाल करती है और शक करती है कि हसीना नाटक कर रही है। एसएचओ हसीना मलिक की भूमिका निभा रहीं गुल्कीं जोशी ने कहा, ÷चिंगारी गैंग की हार के बाद हसीना और महिला पुलिस थाना में हर कोई खुशी से फूला नहीं समा रहा है। डीएसपी अपने ऑफिस में मीटिंग के दौरान हसीना को एक महत्वखपूर्ण खबर देते हैं। जब हसीना महिला पुलिस थाना में लौटती है, तब सभी खुश होते हैं। करिश्माब के साथ फुग़डी खेलते हुए हसीना को चोट लग जाती है और वह उर्मिला बन जाती है। डीसीपी ने हसीना को क्याम खबर दी है? क्याो हसीना के उर्मिला बनने से उस खबर का कोई ताल्लुसक है?



## अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने ठुमकाई अपनी कमर

बॉलीवुड की सबसे कम उम्र की सुपरस्टार, उर्वशी रौतेला बिना किसी सवाल के उद्योग में शीर्ष फैशन डीवा में से एक हैं। वह जहां भी जाती हैं, अभिनेत्री को नजरअंदाज करना मुश्किल होता है। उर्वशी ने न केवल अपनी सुंदरता और शानदार प्रतिभा से दर्शकों को चकित किया है, बल्कि अपने भव्य कपड़ों और आकर्षक व्यक्तित्व से भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। अभिनेत्री को हालही मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां उन्होंने एक बार फिर अपने अंदाज से प्रशंसकों का दिल जीत लिया। वह सुंदरता की परिभाषा है, कोई कह सकता है। उर्वशी को लुई वुइटन डेनिम मोनोग्राम जेकक्वार्ड निट टैंक टॉप और प्री-ओन्ड हाई-वेस्टेड स्लिम-फिट ट्राउजर पहने हुए देखा गया था 'उन्होंने ब्लैक प्राडा शेड्स के साथ लुक को पेयर किया जो बिल्कुल एलिगेंट लग रहा था'। उर्वशी ने परफेक्ट पिंक न्यूड लिपस्टिक और कुछ लिप ग्लॉस के साथ मिनिमल मेकअप लुक चुना, जिसने उस चमक को और बढ़ा दिया। अभिनेत्री ने अपने बाल सॉफ्ट कर्ल्स करके खुले रखे थे। यह पूरा लुक 7 लाख का है। पैप्स ने उनके नया पार्टी सॉन्ग ÷बॉस पार्टी÷ बजाकर उन्हें चौंका दिया, जो पूरी दुनिया में ट्रेंड कर रहा है, जिस पर उन्होंने एक पापराज़ी के साथ डांस किया। उन्होंने खुशी और शालीनता से अपने प्रशंसकों और शटरबग्स का अभिवादन किया। जब भी उन्हें एयरपोर्ट पर देखा जाता है, तो वह सभका ध्यान आकर्षित करती हैं और अपनी शानदार मुस्कराहट के कारण बातचीत में रहती हैं। उर्वशी रौतेला का नाय गाना कुछ ऐसा है जो अपने बीट्स और बोल की वजह से हमारे दिमाग में अटका रहने वाला है। लिरिकल वीडियो हमारी आंखों को बहुत आकर्षक लगता है क्योंकि इसे एक खूबसूरत एस्थेटिक लोकेशन पर शूट किया गया है। देवी श्री प्रसाद द्वारा रचित इस जीवंत संख्या में दोनों ने अपने डांस मूव्स दिखाए। नकाश, अजीज, डीएसपी और हरिप्रिया ने गाने को गाया।



## दुनिया तकनीक के इर्द-गिर्द घूमती है

डिजिटल साक्षरता या कम्प्यूटर का ज्ञान मौजूदा दौर में एक सबसे बड़ी जरूरत और जिंदगी जीने का एक नया कौशल बन गया है। हर साल 2 दिसंबर को वर्ल्ड कम्प्यूटर लिटरेसी डे (विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस) मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य डिजिटल साक्षरता के बारे में जागरूकता फैलाना और उसे बढ़ावा देना है। इस बार कम्प्यूटर साक्षरता दिवस के मौके पर, एण्डटीवी के कलाकारों ने बताया कि उन्होंने कम्प्यूटर कैसे सीखा और अपने साथियों, दोस्तों और अपने परिवार में खुद से छोटे सदस्यों की मदद से भी कैसे वे खुद को नई टेक्नोलॉजी के साथ अप टु डेट रखते हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं- आयुध भानुशाली ('दूसरी माँ' के कृष्णा), योगेश त्रिपाठी ('हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह) और आसिफ शेख ('भाबीजी घर पर हैं' के विभूति नारायण मिश्रा)। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' में कृष्णा का किरदार निभा रहे आयुध भानुशाली ने अपने दादा-दादी को कम्प्यूटर्स एवं टेक्नोलॉजी सिखाने के बारे में बताते हुये कहा, ''मेरे ग्रैंडपैरेंट्स को कभी-कभी उनके पास मौजूद नई तकनीकों, खासतौर से कम्प्यूटर्स के बारे में समझने में काफी मुश्किल होती है। मेरे दादा जी ऐडवांस्ड कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी के आने से पहले ही रिटायर हो गये थे।

## एक नजर

### प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**उत्तर बस्तर/कांकेर, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक - 80 भानुप्रतापपुर (अ.ज.जा.) के प्रेक्षक (सामान्य) डॉ वेंकटेश एम.व्ही. के द्वारा आज भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों - खुटगांव, कर्रामाड़ ,हाहालद्दी के अलावा दुर्गुकोंदल में स्थापित पिंकबूथ एवं आदर्श मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया गया एवं मतदाताओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्था तथा मतदाता पर्ची की जानकारी भी लिया गया।

### गौण खनिज के अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, दो वाहन जब्त



**बीजापुर, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देश पर जिले में गौण खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है। निर्देश के परिपालन मे एसडीएम भैरमगढ़ उत्तम सिंह पंचारी और तहसीलदार जुगल किशोर पटेल ने मिनगाचल नदी से अवैध रूप रेत परिवहन करने वालो के ऊपर कार्यवाही करते हुए उनके 02 नग वाहन जब्ती कर नैमैड़ थाना को सुपुर्द किया इस दौरान मिनगाचल हल्का के पटवारी भी मौजूद थे।

### राजपा जोरों से चुनाव प्रचार कर रही

**कांकेर, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भानुप्रतापपुर उप चुनाव मे राष्ट्रीय जनसभा पार्टी का चुनावी दौरा युद्ध स्तर तक चल रहा है राष्ट्रीय जनसभा पार्टी प्रत्याशी को जीत सुनिचित करने पार्टी के पदाअधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष लखमूराम टंडन एवं राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र वैध कोंडागांव जिलाध्यक्ष विजय लहरे संजीव मारकंडे के द्वारा ताबड़तोड़ प्रचार प्रसार किया भानुप्रतापपुर आम जनता डायमंड नेताम को लोगों के द्वारा पैसा दे कर सहयोग प्रदान किया एवं जीतने का सकल्प लिया राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के द्वारा एक वोट और एक नोट का आंदोलन चलाया जिसे आम जनता का पूरा समर्थन मिला और लोगों ने बढ़ चढ़ कर सहयोग मिला एवं मा.पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री अरविन्द नेताम ने आशिर्वाद दिया एवं साथ ही एक वोट एक नोट के आंदोलन मे सौ रुपये का सहयोग प्रदान किया। बेरोजगार के हित मे रसोया मितानिनो के माँग को लेकार आरक्षण कटौती के लेकर बेरोजगार ने उठाया कदम और भानुप्रतापपुर के सभी युवा मतदाता ने लिया सकल्प डायमंड नेताम के जीत सुनिचित के लिए लिया सकल्प साथ ही डायमंड नेताम ने कहाँ की जिस प्रकार प्रदेश की सरकार ने सभी युवयों को सरकार बने के बाद 2500 सौ रुपए बेरोजगार भाता देने का वादा किया जो सभी तक यों अभी तक पूरा नहीं किया है साथ ही भूपेश सरकार ने प्रदेश मे पूर्ण शरब बंदी करने का वादा किया था जो सभी तक नहीं किया है द्य प्रदेश मे युवयों को रोजगार के नाम मे केवल ठगने का काम किया है।

### समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस

# दिव्यांग बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने मोहा सबका मन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 4 दिसम्बर।** अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा जिले के दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य नीना रावतिया उद्दे, कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य बसंत राव ताटी, राज्य युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे सहित नगरपालिका उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम सल्लूर, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, नोडल अधिकारी समाज कल्याण विभाग मनोज बंजारे सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी मीडीया के प्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं शिक्षक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य इत्यादि का प्रस्तुति दी गई जिसे देखकर दर्शकों ने खूब सराहना की इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था जिसमें चमच दौड़, कुर्सी दौड़, तेज चाल, मटका फोड़, प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त दिव्यांग बच्चों को पुरूस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का आर्कषण का केन्द्र दिव्यांग बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तृति थी जिसे देखकर अतिथियों ने बच्चों को प्यार और दुलार दिया। इस अवसर पर चिन्हित दिव्यांग जनो को समाज कल्याण विभाग के द्वारा सहायक उपकरण ट्राईसाइकिल, बैसाखी, कैलीपर्स, सुनने की मशीन उनके दिव्यांगता के आधार पर प्रदाय किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम ने कहा इतनी अच्छी प्रस्तुति देखकर कहीं भी ऐसा नहीं लगता कि बच्चे दिव्यांग हैं, सामान्य बच्चों की भांति सुंदर और मनमोहक प्रस्तुति दिए हैं।

वहीं कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं यह ईश्वर की रचना है हमें हमेशा दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य नीना रावतिया ने कार्यक्रम एवं समर्थ दिव्यांग पुनर्वास की व्यवस्था और शिक्षकों की मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा कि मै यहां नियमित रूप से आकर इन बच्चों के साथ समय बिताऊंगी।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम ने दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र जिसकी क्षमता 100 बच्चों की है किन्तु अभी 40 बच्चे हैं। जिले के भ्रमण के दौरान सभी जनप्रतिनिधि दिव्यांग बच्चों की भी जानकारी लेगें और प्रशासन द्वारा इतनी अच्छी सुविधा दी जा रही है। उनसे जिले के अन्य बच्चों को लाभान्वित करने का प्रयास करेंगे। एजुकेशन सिटी स्थित ''समर्थ'' दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र संचालित है जहां प्रशिक्षित विशेष शिक्षकों द्वारा दिव्यांग बच्चों को बेहतर शिक्षा, आवासीय सुविधाएं दी जा रही है। सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू एवं नोडल अधिकारी समाज कल्याण विभाग मनोज बंजारे ने भी अपने उद्बोधन से दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# मलेरिया मुक्त छग अभियान का सांतवा चरण 21 तक

- हेल्थ वेलनेस सेंटर ईटपाल में मलेरियामुत्व छग अभियान का शुभारंभ, कलेक्टर ने कराया मलेरिया जांच और जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 4 दिसम्बर।** मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभांरभ कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने हेल्थ वेलनेस सेंटर ईटपाल में किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्वयं मलेरिया जांच कराया और उपस्थित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को अपने घर के आस-पास को स्वच्छ एवं साफ-सुथरा रखने मच्छर को पनपने नहीं देने मच्छरदानी का नियमित उपयोग करने मलेरिया से बचने के बारे में विस्तार से बताया एवं मलेरिया के लक्षणों के बारे में बताते हुए जागरूक रहने की सलाह दी। कोई भी बुखार को नजरअंदाज न करते हुए मलेरिया जांच कराने एवं मलेरिया पॉजिटिव्ह होने पर दवाई की पूरी खुराक लेने और डाक्टरों के सलाह को पूरी तरह अमल में लाने की बात कही।

मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का सातवां चरण जो 01 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक अनवरत चलेगा जिसमें लोगों की घर-घर जाकर मलेरिया जांच की जायेगी। मलेरिया पॉजिटिव्ह होने पर समुचित उपचार कर दवाईयों दी जाएगी एक माह बाद मलेरिया स्लाइड बनाया जाएगा। स्लाइड में भी अगर पॉजिटिव्ह आयेगा तो उसका पुनः ईलाज किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जागरूकता रैली का आयोजन किया गया इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील भारती, बीएमओ बीजापुर डॉ. अजय रामटेके बीपीएम योगेश भगत सहित मलेरिया समन्वयक लेप्रोसी समन्वयक, मितानिन समन्वयक सहित ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं स्कूली बच्चे मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित थे।

# जिले के युवाओं की अधिकारी बनने की राह हुई आसान

- डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी जैसे विभिन्न पदों पर चयन के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर उपलब्ध
- सुंदूर अंचल युवाओं को भविष्य की चिंता से मिली निजात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 4 दिसम्बर।** कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने लगातार प्रयास किया जा रहा है। वहीं पढ़े-लिखे शिक्षित युवाओं की भविष्य को लेकर काफी संवेदनशील है। जिसका उदाहरण हमें युवाओं के चेहरे की मुस्कान बताती है। हर युवा पढ़ लिखकर बड़ा अफसर बनने का ख्वाब देखता है किंतु बीजापुर की बात करें तो छत्तीसगढ़ के सबसे दूरस्थ जिला है, पहाड़ों, जंगलों और घाटियों के बीच बसाहटे हैं दूरी के वजह और ज्यादातर आदिवासी समुदाय युवावर्ग हैं जो कि आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने के कारण अपना सपना साकार नहीं कर पाते इन्हीं सब परिस्थितियों से अवगत होकर युवाओं के बेहतर भविष्य के परिकल्पना को साकार करने बीजापुर मुख्यालय में निःशुल्क कोचिंग सेंटर की शुरूआत की गयी है। जिसका युवाओं में उत्साह देखने को मिला प्रारंभिक चरणों में 400 से अधिक आवेदन आए थे। जिनका प्री टेस्ट लेकर 200 लोगों का चयन निःशुल्क कोचिंग के लिए चयन किया गया। जिन्हे लोकसेवा आयोग, व्यापंम, रेल्वे, बैंक एवं कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं की तैयारी कराया जा रहा है। कोचिंग सेंटर में बीजापुर के अलावा भैरमगढ़, उसूर, आवापल्ली एवं भोपालपटनम जैसे सुदूर क्षेत्र के प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं, प्रतिभागियों का कहना है कि पीएससी एवं व्यापम की परीक्षा तो देते हैं पर तैयारी और मार्गदर्शन के अभाव में परिणाम हमेशा निराशाजनक रहता है किंतु अब हमें अच्छे प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से मार्गदर्शन मिल रहा है पढ़नें में मजा आ रहा है निश्चित ही हम लोग सफल हो सकेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में एजुकेशन सिटी जावंगा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए हीरानार वृद्धाश्रम व आस्था विद्यालय सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**गीदम, 4 दिसम्बर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में एजुकेशन सिटी जावंगा के ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सक्षम एक व दो एवं शासकीय श्रवण बाधित विद्यालय जावंगा के दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य संगीता नेताम, जावंगा पंचायत सरपंच आरती कोवासी, पूर्व सरपंच बोमड़ा राम कोवासी, डिप्टी कलेक्टर कल्पना ध्रुव उपस्थित रहे। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं मां दंतेश्वरी के छायाचित्र में माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया तथा दिव्यांग बच्चों के अद्वितीय कला प्रदर्शन को देख के कहा कि दिव्यांगजन भी आम लोगों की ही तरह आत्म-सम्मान और अधिकारो व सम्मान के पात्र है। अतिथियों एवं आम लोगों ने बच्चों द्वारा बनाई गई आर्ट गैलरी का अवलोकन किया। जिला प्रशासन दंतेवाड़ा तथा एनएमडीसी के सहयोग से दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित सक्षम विद्यालय की अपनी अलग ही पहचान है। सामाजिक सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु वृद्धाश्रम हीरानार एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल जावंगा को ÷सक्षम अवार्ड÷ से सम्मानित किया गया। इस दौरान वृद्धाश्रम हीरानार के प्रमोद अटामी एवं आस्था विद्या मंदिर के शिक्षक अमुजुरी विश्वनाथ एवं रविप्रकाश ठाकुर ने सक्षम अवार्ड अतिथियों से प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने अद्वितीय कला का प्रदर्शन कर यह साबित किया की वे भी दुनिया की हर चुनौतियों का सामना कर सकते है। इस दौरान सहायक संचालक अहिल्या ठाकुर, एपीसी राजेंद्र पांडे, एपीसी केशव सिंह, एपीसी सिकंदर खान, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, खंड स्रोत समन्वयक जितेंद्र शर्मा एवं बीएमसी अनिल शर्मा ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन और संपूर्ण विकास में पूरी तरह से जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं शिक्षा विभाग हर तरीके से सहयोग कर रही है। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कर्मा एवं रमा कर्मा ने किया। कार्यक्रम के विजेता बच्चों को अतिथियों एवं अधिकारियों ने पुरस्कार, मेडल एवं पुष्प दे कर सम्मान किया। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम हीरानार के प्रमोद अटामी एवं साथी, कैलाश नीलम, जितेंद्र यादव, सुषमा दास, सर्व संकुल समन्वयक, बीआरपी अनुमेहा तिवारी, पूनम जयसिंघानिया, नारायण साहू, विजय कुमार, सक्षम परिसर के सभी शिक्षक, कर्मचारी व पालकगण उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### नियमित टीकाकरण पर सम्पन्न हुआ प्रभावशील व्यक्तियों का विकासखण्ड स्तरीय संवेदीकरण



**बीजापुर, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफके सहयोग से जनपद पंचायत बीजापुर अंतर्गत संबंधित सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच, रोजगार सहायक एवं ग्राम पंचायत सचिवों की उपस्थिति में नियमित टीकाकरण एवं व्यवहार परिवर्तन का संवेदीकरण का आयोजन रखा गया था। संदेवीकरण के प्रारंभ में डॉ. प्रीतम राय स्वास्थ्य सलाहकार यूनिसेफ के द्वारा ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (वी.एच.एस.एन.डी) बैठकों को ग्राम पंचायत स्तर पर इस प्रकार से आयोजित करते हुए प्रभावशाली व्यक्तियों की उपस्थिति में जागरूकता हेतु उपायों के बारे में पी0पी0टी0 के माध्यम से जानकारी दी गई। भरत साहू जिला सलाहकार यूनिसेफके द्वारा पीको प्रोजेक्टर पर पी0पी0टी0 के माध्यम से सेम मॉडल के द्वारा समाज एवं समुदाय में पंचायत स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के द्वारा किस प्रकार से प्रत्येक हितग्राही, शिशुवती, गर्भवती एवं परिवार की नियमित टीकाकरण को लेकर सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए, जिससे पहुंचविहीन स्थानों में लोगो के द्वारा व्यवहार में परिवर्तन लाया जा सके, इस पर विशेष प्रकार से जानकारी दी गई। संवेदीकरण कार्यक्रम के अंत में जनपद पंचायत सी0ई0ओ0 फणेश सिन्हा के द्वारा कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई संबंधित जानकारियों को जमीनी स्तर पर सुनियोजित तरीके से सुनिश्चित करने की बात कही।

### बीजादूतीर स्वयंसेवकों का क्षमता वर्धन पर आठवां संवेदीकरण



**बीजापुर, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा के निर्देशन में यूनिसेफएवं जिला प्रशासन के द्वारा संचालित बीजादूतीर स्वयंसेवकों का क्षमता वर्धन पर संवेदीकरण संपन्न हुआ। जिसमें सभी विकासखंड से नए स्वयं सेवक 30 बिजादूतीर शामिल हुए थे, संवेदीकरण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं सुदूर अंचलों से नए युवा युवतियों को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना जहां पर अपने समुदाय एवं सामाजिक स्तरीकरण एवं जागरूकता के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम एवं योजनाओं को जनमानस तक सुचारू रूप से पहुंचाया जा सके एवं लोगों में जागरूकता लाई जा सके। प्रशिक्षक के रूप में दंतेवाड़ा से डीएमसी राजेश बघेल एवं जन शिक्षण संस्थान बीजापुर की ओर से रवि साहू एवं मोहन चौहान उपस्थित रहे। राजेश बघेल, जिला समन्वयक सुकमा के द्वारा बीजादूतीर स्वयंसेवको के क्षमतावर्धन कार्यशाला में सामाजिक एवं व्यवहार परिवर्तन के आयामों को समझाया। समुदाय स्तर पर व्यवहार परिवर्तन करने संचार के विभिन्न पहलुओं को गतिविधि के माध्यम से समझाते हुए, व्यवहार परिवर्तन के चरण तथा सेम मॉडल की उदहारण सहित प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा पूर्ण सुपोषण, एनीमिया, स्वच्छता, माहवारी स्वच्छता को समुदाय में जागरूकता लाने स्वस्थ्य व्यवहारों की जानकारी देते हुए प्रशासन एवं समुदाय के बीच की कड़ी को जोड़ने पद्धतियों को समझाया गया। रवि साहू के द्वारा जन शिक्षण संस्थान से संचालित युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के लिए संचालित कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही अपने रोजगार के लिए शासन के द्वारा प्रदत लोन कार्यक्रम एवं समूह कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी गई।

### आंगनवाड़ी सेक्टर सुपरवाइजर और बीजादुतीर स्वयंसेवकों को रीड एलॉन्ग बाय एप की दी गई जानकारी



**बीजापुर, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित समर्थन बुनियादी शिक्षा अभियान के तहत जनपद पंचायत बीजापुर में संपन्न हुई इस कार्यक्रम में गांधी फेलो भूमिका पेंदोर ने रीड आलोंग बाय गूगल एप के बारे में बताया कि कैसे डाउनलोड करना है उसका उपयोग कैसे करना है आपको डाउनलोड करने के पश्चात बीजापुर का पार्टनर को 1234ङ्खद्बद्भद्दङ्ग को जोड़ना इसके बाद सभी को डाउनलोड करवाया तथा रीडिंग ग्रुप बनाना भी बताया गया। इस एप से बच्चे रोचक खेल और कहानियों को पढ़ सकते हैं दीया नाम की गूगल असिस्टेंट जो कि बच्चों को पढ़ने में मदद करती है और इसके फायदे, एक हजार से भी अधिक कहानियां तथा रोचक खेल इसमें शामिल है साथ ही आठ अलग-अलगत्र भाषाओं में बच्चे पढ़ना सीख सकते हैं। इसमें से कहानी को जब बच्चें जब अच्छे से पढ़ते हैं तब बच्चों को सितारे इनाम के रुप में मिलते है, साथ ही दिया शाबाशी भी देती है। उक्त कार्यक्रम में जिला समन्वयक भरत साहू, गांधी फेलो अरुण कुमार, जुबैर आलम आंगनवाड़ी के सेक्टर सुपरवाइजर और बीजापुर के बीजादुतीर स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### मतदाता सूची में सभी पात्र विद्यार्थियों का नाम जुड़वाने सूची उपलब्ध कराई गई



**बीजापुर, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार बंजारे के द्वारा जिला बीजापुर के समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य एवं हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों का 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों का नाम जोड़ने के लिए जिला कार्यालय बीजापुर के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया। मनोज कुमार बंजारे के द्वारा अध्ययनरत विद्यार्थियों का दिनांक 8 दिसंबर 2022 से पूर्व ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन फॉर्म 6 भरने के लिए निर्देशित किया गया। मनीष बोराडे सहायक प्रोग्रामर के द्वारा एनवीएसपी पोर्टल एवम वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाताओं को ऑनलाइन जोड़ने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सभी संस्था प्रमुखों को उनके संस्था में अध्ययनरत 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष के आयु पूर्ण करने वाले पात्र सभी विद्यार्थियों की सूची उपलब्ध कराई गई। बैठक के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बीजापुर पवन कुमार प्रेमी, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, सभी तहसीलदार खंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### बैगलेस डे पर हुए स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**सुकमा 4 दिसंबर।** कोन्टा,शनिवार का दिन स्कूलों में बस्ता विहीन दिन होता है। इस दिन विद्यार्थियों को प्रायोगिक रूप से सिखाया जाता है. इसी अनुपालन में आज शासकीय कन्या माध्यमिक शाला अंग्रेजी माध्यम कोण्टा में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। प्रार्थना सभा में प्रथम राष्ट्रपति महामहिम श्री राजेन्द्र प्रसाद जी की जयंती के अवसर पर उनके जीवन परिचय से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। पश्चात योगाभ्यास करवाया गया। प्रत्येक सप्ताह शनिवार को विद्यार्थियों के समूह द्वारा फुड स्टॉल लगाया गया। जहाँ विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी स्वादिष्ट फुड का आनंद लिए। इसके पश्चात खेलों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियाँ शिक्षकों द्वारा करवाई गई, जिसमें सभी विद्यार्थी शामिल होकर सीखने का प्रयास किया। अवकाश के आधा घंटे पूर्व फिल्म टाइम में सभी बच्चों ने समुद्र में पाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की मछली, पक्षियों द्वारा निर्मित घोसलों एवं पिरान्हा मछली को चित्रपट में देखकर मनोरंजन के साथ ज्ञानवर्धक जानकारी हासिल किया।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर कलेक्टर दिव्यांग बच्चों के कार्यक्रम में हुई शामिल



**सारंगढ़-बिलाईगढ़, 4 दिसम्बर।** आज अंतराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने सारंगढ़ स्थित प्रांजल मानसिक दिव्यांगजन कल्याण समिति एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के द्वारा सुंदर लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई, साथ ही उनके द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की थीम पर भी नृत्य प्रस्तुत कर स्वच्छता को जीवन में प्रमुखता से अपनाने का संदेश दिया गया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को भाव विभोर कर दिया। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने कहा कि उन्हें इन बच्चों की प्रस्तुति देखकर, उनके चेहरे के जीवंत भाव देखकर उन्हें बेहद खुशी हुई है, उन्होंने कहा कि ये बच्चे ईश्वर का वरदान हैं, उनका साक्षात रूप ही हैं। उन्होंने कहा कि वे आगे भी इन बच्चों से मुलाकात करती रहेंगी एवं अपने स्तर पर जो भी इन बच्चों के लिए सहयोग होगा उस पर वह काम करना चाहेंगी। साथ ही बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खूब पढ़ें और अपने जीवन के जितने भी काम है, स्वयं करें। इससे आपको बेहद खुशी मिलेगी और आपके माता-पिता भी खुश होंगे। उक्त कार्यक्रम में सारंगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष सोनी अजय बंजारे, सारंगढ़ एसडीएम? मोनिका वर्मा, नायब तहसीलदार आयुष तिवारी, सहायक संचालक मुकेश कुर्रे, गोल्डी नायक, समिति के गणमान्य सदस्य, बच्चे एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

### आयुष विभाग ने लगाया चिकित्सा शिविर

**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ समाज कल्याण विभाग के आदेश अनुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर मीरा भगत के दिशा निर्देश पर अंतरर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन मिनी स्टेडियम रायगढ़ में किया गया जिसमें आयुष चिकित्सा शिविर आयुष विभाग द्वारा निःशुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर कर इलाज किया गया। जिसमें आयुर्वेद पद्धति द्वारा 27 एवं होम्योपैथी पद्धति द्वारा 25 कुल 52 हितग्राहियों का निःशुल्क उपचार किया गया इस अवसर पर डॉ रवि पटेल द्वारा आयुर्वेद दिनचर्या आहार बिहार के बारे में बताया गया एवं आयुर्वेद द्वारा पंचकर्म पद्धति से दिव्यांग जनों का इलाज करने हेतु प्रेरित किया गया। इस शिविर में डॉ.रवि पटेल आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर शेख सादिक आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी, डॉ मुकेश साहू होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी एवं मायाराम गोमती सिदार आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट एवं शैलेश सिंह होम्योपैथिक फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

# शिक्षा का बुरा हाल, एक ही कमरा में होती है कक्षा 1 से 5 वी तक की पढ़ाई

## जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू निरीक्षण में सतनामी पारा के इस प्राथमिक शाला की स्थिति को देखकर रह गए दंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 4 दिसंबर।** शहर की सतनामी पारा के प्राथमिक शाला में शिक्षा का सबसे बुरा हाल देखने को मिल रहा है। यहां कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक की पढ़ाई होती है। यह सभी कक्षाओं के लिए कम से कम 5 कमरा होना बहुत जरूरी है इसके अलावा एक ऑफिस रूम, एक स्टाफ रूम तथा एक मध्याह्न भोजन कक्ष जरूरी होती है। परंतु यहां की स्थितियां कुछ और कहती है शनिवार को जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू अचानक सतनामी पारा में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ाई का स्तर देखने के लिए पहुंचे। वहां की स्थिति परिस्थिति दोनों को देखकर श्री साहू दंग रह गए। शहर के सतनामी पारा के इस स्कूल में इंतजाम पूरी तरह से शून्य हैं। उन्होंने एक ही कमरा देखा जिसमें 66 बच्चे पढ़ाई कर रहे थे इनके लिए अलग-अलग कक्षा नहीं बल्कि एक ही कमरा में सभी बच्चे पढ़ने को मजबूर है।



कक्षा पहली में 12 छात्र-छात्राएं, दूसरी में 16, तीसरी में 11, चौथी में 7, पांचवी में 20 बच्चे इस तरह से कुल 66 बच्चे वर्तमान में अध्यनरत है। एक प्रधान पाठक और 3 सहायक शिक्षक कार्यरत है। सबसे बड़ी हैरत की बात यह रही कि कक्षा और मध्याह्न भोजन का संचालन एक ही कमरे में किया जा रहा है। इन्हें देख कर जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू का दिमाग चकरा गया और उन्होंने तुरंत जिला कलेक्टर से बात करने की मन बना ली है। उन्होंने बताया कि सोमवार को इस बाबत जिला कलेक्टर प्रभात मलिक से चर्चा करूंगा तथा तुरंत भवन की व्यवस्था करवाने जोर दूंगा। उल्लेखनीय है कि सतनामी पारा का प्राथमिक शाला तहसील मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर है। यह विधानसभा मुख्यालय है जहां से चुनकर प्रदेश के प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा वर्तमान विधायक अमितेश शुक्ला प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनके माता-पिता विधायक इसलिए चुनते हैं ताकि वह उनके आने वाले भविष्य के सहारा बने और शिक्षा स्वास्थ्य तथा मूलभूत सुविधाएं प्रदान करें लेकिन जनप्रतिनिधियों की इस तरह से रुखा व्यवहार तथा अधिकारियों की उदासीनता 66 छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। यही बच्चे कल देश के भविष्य बनेंगे और कोई डॉक्टर इंजीनियर तो कोई उन्नतशील किसान होंगे। परंतु यह तभी बन पाएंगे जब इन्हें अच्छी शिक्षा मिले। कहना होगा कि यहां से 44 किलोमीटर की दूरी पर बैठे जिला शिक्षा अधिकारी तथा 17 किलोमीटर की दूरी पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की नजर अभी तक क्यों नहीं पड़ी और तो और राजिम शहर के स्कूलों का यह हाल है तो फिर गांव की स्कूलों का आंकलन लगाया जा सकता है। इस संबंध में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कई बार प्रशासन से मांग कर चुके हैं लेकिन इस ओर किसी ने भी ध्यान देना उचित नहीं समझा। बहरहाल बच्चे अभाव में ही भविष्य गढ़ने के प्रयास में लगे हुए हैं और शिक्षक भी उत्साह के साथ पढ़ा रहे हैं लेकिन एक कमरे में 5-5 कक्षाएं किस तरह से पढ़ाई होती है भगवान ही मालिक है।

**रोहित साहू ने कहा परिवार मानने वाले विधायक कहां है-** जिला पंचायत रोहित साहू ने साफ शब्दों में कहा है कि राजिम विधानसभा क्षेत्र को विधायक अमितेश शुक्ला अपना परिवार मानते हैं लेकिन परिवार के इन बच्चों की शिक्षा व्यवस्था पर ध्यान नहीं है। इन 66 बच्चों के भविष्य के साथ शर्मनाक मजाक हो रही है जिसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। विधायक दूर रायपुर में रहते हैं जिसके कारण उन्हें यहां कि क्रियाकलापों के संबंध में जानकारी नहीं है और शिक्षा से लेकर कई ऐसे बिंदु हैं जिस पर लोग बड़ी मुश्किल से गुजारा कर रहे हैं बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

# पांडुका में कालेज और समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए अंचलवासी भेट-वार्ता मे देंगे आवेदन

**राजिम/पांडुका 4 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भुपेश बघेल गरियाबंद जिले के दो दिन की प्रवास पर रहेंगे जिसकी शुरुवात वह छुरा ब्लॉक् से करेंगे इस बीच लोगो से मिलकर उनकी समस्या सुनेंगे और मांगो को पुरी करेंगे ऐसे मे पांडुका अंचल के दो बहु प्रतिक्षित मांग जो हमेशा से अंचल वासीयों की रही है जिसमे प्रथम शिक्षा को लेकर है और दूसरी मांग समुदायिक स्वास्थ केंद्र खोलने को लेकर की है बता दे की पांडुका अंचल मे लगभग 25 गांव है और यहां बारहवीं पास होने के बाद इन स्कूली बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए लगभग 30 किलोमीटर राजिम ,गरियाबंद, छुरा ,या 80 किलोमीटर रायपुर , 45 किलोमीटर



अभनपुर जाना पड़ता है ऐसे मे यह अगर महाविद्यालय खुल जाता है बच्चों को आगे की पढ़ाई जारी रखने मे सुविधा मिलेगी क्यो कालेज की दूरी होने से अधिकतर बच्चे बारहवी के बाद पढ़ाई छोड़ देते है ।यहां कालेज खुलने से पांडुका अंचल सहित कोपरा ,कौंदकेरा , मगरलोड के छात्र छात्राओं को भी सुविधा मिलेगी ।साथ हि यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग भी वर्षो पुराना है क्यो अंचल की इतनी बड़ी आबादी के लिए मात्र एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भरोसे है । जो दिनभर खुला रहता पर रात मे बंद हो जाता समुदायिक स्वास्थ केंद्र खुल जाने से 24 घंटे इलाज की सुविधा मिलेगी और पोस्टमार्टम जैसे कार्यो के लिए कभी कभी अंचल वासियो को राजिम ,गरियाबंद ,व छुरा के चककर काटने पड़ते है ।उससे भी निजात मिलेगा। इस प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से ग्रामीणों को पुरी तरह स्वास्थ सुविधा एवं शासन की विभिन्न योजना का लाभ मिलेगा । साथ ही अंचल के 25 गाव सहित आसपास के लगभग 40 गाव जिसमे मगरलोड ब्लॉक और फिंगेश्वर ब्लॉक् सहित गरियाबंद ब्लॉक के बहुत से गावो के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा ।ऐसे मे मुख्यमंत्री का यह दौरा अंचल वासियो ले लिए सौगात लेकर आ सकता है । क्यो पांडुका अंचल अपने आप मे एक बड़ी आबादी का नेतृत्व करता है यहां के 15 पंचायतो अपने आप मे राजिम ,गरियाबंद, छुरा ,फिंगेश्वर की दूरी यहां से समान है ऐसे मे अंचल वासियो के लिए यह मांग बहुत अहम है । जिसको लेकर ग्रामीण हमेशा से मानो इस समय का इंतिजार था । क्यो की इन मांगो को लेकर पूर्व मे भाजपा शासन मे अंचल वासियो ने आवेदन किया था पर वाह पुरा नही कर पाय । ऐसे मे बघेल सरकार से क्षेत्रीय मांग को लेकर क्षेत्र वासियो को काफी उम्मीदे है ।

# सांस्कृतिक एवं खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहा है युवा महोत्सव:पटेल

**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल के मुख्य आतिथ्य में आज रायगढ़ स्टेडियम में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने की। कार्यक्रम के शुभारंभ में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पटेल एवं महापौर श्रीमती काटजू ने स्वामी विवेकानंद एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम श्री संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्री रमेश मोर, सीईओ जनपद रायगढ़ श्री रूपेन्द्र पटेल सहित खेल विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश



बघेल ने राज्य में पारंपरिक विधाओं के साथ ही संस्कृति और खेलों को बढ़ावा देने के लिए युवा महोत्सव की शुरुआत की है। जिला स्तरीय युवा महोत्सव के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचल के प्रतिभागियों को अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक उपयुक्त मंच मिल रहा है। इसका आयोजन जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त प्रयासों से किया जा रहा है। जहां सभी विकासखण्ड युवा उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग ले रहे है। जो बेहद खुशी की बात है। उन्होंने सभी विकासखण्ड स्तरीय विजेता प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि जिला स्तर पर विजयी होकर संभाग में जाये एवं संभाग के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी होकर अपने जिले का नाम रोशन करें। महापौर श्रीमती जानकी काटजू ने कहा कि शासन प्रदेश के सांस्कृतिक, पारंपरिक व खेल विधाओं को प्रोत्साहित करने करने की दिशा में काम कर रही है। इसके पूर्व विकासखण्ड युवा उत्सव का आयोजन हुआ था। अब जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन हो रहा है।

# जुआ खेलते हुए पांच जुआरी पकड़ाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव 4 दिसंबर।** पुलिस ने तिलडेगा,जोराडोल जंगल के समीप कार्यवाही करते हुये पांच जुआडियों को ताश के खेल मे भाग्य आजमाते रंगे हाथो पकडा है। पुलिस ने इन जुआडियों से लगभग 2700 रूपये की जप्ती भी बनायी है,परंतु क्या पुलिस छोटे जुआडियों पर कार्यवाही करके समाज मे अपराध का रूप ले रहा जुआ एवं जुआ के अडडे को हमेंशा के लिए बंद करा पायेगी?दरअसल शहर के आस-पास के लाईन होटल एवं घने जंगलो मे इन दिनो बेतहाशा जुआ चल रहा है,आस-पास क्षेत्र से दर्जनो की तादाद मे जुआडी आकर रोज लाखो रूपये को दांव पर लगा रहे है। बताया जाता है कि जुआ खिलवाने का काम आस-पास क्षेत्र के कुछ युवक कर रहे है,ये जुआडियों से किराया निकालकर उन्हे फ्ड मे जुआ खिलवाते है,उनके द्वारा जुआ खिलवाने के नाम पर निकलने वाला किराया का




हिस्सा पुलिस को भी देने की बात की जाती है। यहा के जंगल इन दिनो जुआडियों की पहली पसंद बने हुये है,पुलिस की चार चक्का वाहन घने जंगलो मे दाखिल ना होने के कारण जुआडियों के लिए यह बात किसी वरदान से कम नही है। शहर के आस-पास जंगलो मे इन दिनो हर रोज लाखो रूपये का जुआ खिलवाया जा रहा है,जुआ खिलवाने का सबसे अधिक खामियाजा महिलाओ को उठाना पड रहा है। पीडित महिलायें बताती है कि पुरूषो द्वारा गाढी मेहनत की कमाई जुआ मे उडा देने के बाद घर मे आकर उनके द्वारा विवाद की स्थिती उत्पन्न की जाती है,उसके अलावा जुआ की लत के कारण उनके घर परिवार की आर्थिक स्थिती भी खराब हो रही है,परंतु उसके बाद भी शहर के भीतर,शहर के बाहर,होटल ढाबे एवं जंगलो से जुआ आज तक बंद नही हो सका। अब देखना है कि पुलिस ग्रामीण जुआडियों से हजार दो हजार रूपये बरामद कर अपनी पीठ थपथपवाना छोडकर लाखो रूपये का दांव लगने वाले जुआ के फ्ड एवं जुआडियों तक पहुंचने मे कब कामयाब होगी।।

## मुसाफिरों को महज कुछ दिनो में मिल जाता है राशनकार्ड

# मुसाफिरों की आवक-जावक ना रखने से शांत क्षेत्र में अपराध की आशंका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव 4 दिसंबर।** शहर मे प्रतिरोज दूसरे राज्यो के सैकडो मुसाफिरो की आमदा हो रही है,ऐसे मे आस-पास के शांत परिक्षेत्र मे अशांति फैलने का खतरा मंडराने लगा है। बाहर के लोग यहा व्यवसाय के नाम पर घुसपैठ कर रहे है,कुछ दिनो बाद ये यहा के स्थायी निवासी बन जाते है। राजनीति पार्टी से जुडे लोगो द्वारा वोट पाने के चलते जल्द ही उन्हे राशन कार्ड एवं यहा के सरकारी मेहमान की लिस्ट मे नाम जुडवा दिया जाता है,ऐसे मे यहा अपराधो के बढने की आशंका बढ चुकी है। पिछले दिनो लवजिहाद जैसे मामले को लेकर पूरे जिले के लोगो की शांति भंग हो चुकी है,परंतु उसके बाद भी बाहर से आने वाले मुसाफिरो की घुसपैठ पर शासन प्रशासन रोक नही लगा पा रहा। थाना के रोजनामचे मे इंट्री ना होने के कारण ये



कब यहा आकर हमेंशा के लिए यही के निवासी बनकर धंधो की आड मे अपराधो को भी अंजाम देना शुरू कर देते है। बिलाईटांगर की रहने वाली एक विधवा महिला की लडकी पिछले तीन महिने से घर से गायब है,विधवा महिला ने अपनी पुत्री के गायब होने की शिकायत यहा के थाने मे दर्ज करायी,परंतु थाना से उसे अब तक न्याय नही मिल पाया। विधवा महिला ने अपने मन की बात मीडिया से साजा की,उसने बताया कि दूसरे राज्य से यहा आकर फॉल सिलिंग का काम करने वाला एक मुस्लिम युवक ने उसकी लडकी को भगाया है,वह अपनी आशंका को पुलिस के समक्ष भी बता चुकी है,परंतु नतीजा



अब तक बेनतीजा है। जशपुर मे घटित लव जिहाद के मामले की आग अभी ठंडी नही हुयी है,उसके बाद बाहर से आये युवक द्वारा शहर की युवती को लंबे समय से अपने साथ भगाकर ले जाने की घटना के बाद एक बार पुनः यहा माहौल गर्म होता दिखायी दे रहा है,ऐसे मे शासन प्रशासन को बाहर से आकर यहा रोजगार करने एवं रोजगार की आड मे कानून को अपने हाथ मे लेने वाले लोगो की सूची एवं उनकी मुसाफिरी दर्ज करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है।।

राशन कार्ड एवं बिजली मीटिर के बन जाते मालिक-:दूसरे राज्यो से यहा आकर रोजगार ढूंढने वाले लोग बडी ही आसानी से यहा के सरकारी मेहमान बन जाते है,वोट बैंक की राजनीति करने वाले लोग ऐसे अपराधी किस्म के बेरोजगारो को जल्द ही नगर पंचायत से राशन कार्ड एवं विद्युत विभाग से उनके घर या ठेले गुमटियों मे बिजली का मीटर भी लगवा देते है,जिससे ये लोग रातो रात शहर मे आकर यही के वर्षो पुराने निवासी का तमगा अपने सिने पर लगाये घुमते है,ऐसे लोग मौका पाते ही छोटे बडे अपराधो को घटित कर रातो रात यहा से अपने आये ठिकानो की ओर निकल लेते है।।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**राजिम 4 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिस तरह से



पर्यावरण और वातावरण प्रदूषित होते जा रहे हैं उसी प्रकार लोगों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है।इनसे बचने के लिए सभी लोगों को हर छह महीने में अपने शरीर की सभी जांचें करानी चाहिए।यें बातें ग्राम पंचायत पोखरा के सरपंच श्री सतीश यादव ने अपने निर्वाचित ग्राम पंचायत पोखरा सियान चौरा स्कूल पारा में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ जांच शिविर में कहीं। शिविर में 200 के करीब लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाया। रायपुर रोड गोबरा नवापारा स्थित गतिमान राजीवलोचन हॉस्पिटल की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ जांच शिविर में चर्म रोग परामर्श, नेत्र रोग परामर्श, ब्लड प्रेशर चेकअप, ब्लड शुगर चेकअप वगैरह सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।हॉस्पिटल संचालक डॉक्टर आशीष यदु ने बताया कि ग्रामवासियों के स्वास्थ्य जाँच के बाद उन्हें दवाई का भी वितरित किया गया इस अवसर पर ग्राम पंचायत पोखरा के युवा व लोकप्रिय सरपंच सतीश कुमार यादव एवं समस्त पंचगण के अलावा डॉ. धनंजय वर्मा एम डी जनरल मेडिसिन ,डॉ भोई शिशु रोग विशेषज्ञ,हॉस्पिटल संचालक डॉ आसिष यदु, डॉ अभिषेक त्रिपाठी हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद थे।

### कवासी लखमा ने भानुप्रतापपुर में सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

**सुकमा 4 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री माननीय कवासी लखमा जी आ भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत फरसकोट के महिला समूह की महिलाओं एवं



ग्रामीणों से चर्चा कर छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताया एवं गांव के विकास के लिए श्रीमती सावित्री मंडावी के लिए वोट मांगा।साथ मे सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष श्री जगन्नाथ राजू साहू जी, सुकमा जेल सन्देशक मनोज चौरसिया जिलाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, युवा नेता जीतू कुशवाहा रहे मौजूद।इस दौरान कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण शामिल रहे।

### सेवानिवृत्ति पर प्रधान पाठक पिकला कश्यप को दी विदाई

**सुकमा 4 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोंटा विकासखंड के संकुल केन्द्र सामसट्टी के सभी शिक्षकों द्वारा शनिवार को प्राथमिक शाला परिया के प्रधान पाठक श्री पिकला कश्यप को सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उपस्थित सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी कोंटा श्री पी. श्री निवास राव द्वारा उनके 40 वर्षों के कार्यकाल को उपलब्धि से भरा और प्रेरणादायक बताया और बताया कि वे विषम परिस्थितियों में भी कभी न हार मानते हुए अपने कर्तव्य पथ पर अड़े रहे। जो कि एक अविस्मरणीय है।इस समारोह में संकुल केन्द्र सामसट्टी के नवनियुक्त प्रधान पाठकों का भी भेंट देकर सम्मान किया गया और उन्हें बधाई दिया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि श्री पी.श्रीनिवासराव सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोण्टा, विशेष अतिथि श्री हिरमा राम कवासी भूत पूर्व सरपंच सामसट्टी, अध्यक्षता संकुल प्राचार्य श्री धर्मराज सलाम के द्वारा किया गया ।इस कार्यक्रम में विशेष रूप से संकुल समन्वयक श्री विक्रम देव पुनेम, आश्रम अधीक्षक श्री राजेश कुमार मरकाम ,श्री वेट्टी हड़मा आश्र?म अधीक्षक बा.आ.पालाचलमा , श्री दुलामणी एक्का, अशोक कुमार रावटे , श्री गन्नुराम सेवता, हरिलाल ध्रुव, श्री महादेव बघेल,श्री जालंधर सिंह निहाल, चुम्मन लाल ध्रुव, जागृत नरेटी, श्रीमती -सरिता यादव, श्रीमती लक्ष्मी तिवारी , समस्त संकुल स्टाफ व आश्रम के विद्यार्थी उपस्थित थे। सभा का संचालन आर. एस. मण्डावी सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला बोदागुड़ा के द्वारा किया गया ।

### जिला स्तरीय युवा महोत्सव 5 दिसंबर को

**सुकमा 4 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन सुकमा के मार्गदर्शन में युवाओं को पारंपरिक खेलकूद तथा सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों से व्यापक रूप से जोड़ने हेतु जिला मुख्यालय सुकमा के कुम्हाररास मैदान में दिनांक 5 दिसंबर,2022 को एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2022 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के अन्तर्गत सम्मिलित विभिन्न विधाओं एवम खेलकूद में तीनों विकासखंड सुकमा, कोंटा, छिंदगढ़ से पुरुष 132, महिला 108 सहित कुल 240 विजेता प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2022 में लोक नृत्य, लोक गीत,बस्तर नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय वादन, फुगड़ी, गैडी दौड़, कबड्डी, खो खो, पारंपरिक वेशभूषा, व्यंजन तथा क्विज, निबंध, नाटक, वाद विवाद, चित्रकला,भाषण विधाओं में प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर के विजेता प्रतिभागियों को संभाग स्तर पर भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन दो आयुवर्ग में आयोजित किया जाना है जिला खेल अधिकारी श्री विरुपाक्ष पुराणिक ने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2022 के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री कवासी हरीश अध्यक्ष जिला पंचायत, सुकमा व विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री बोड्डु राजा उपाध्यक्ष जिला पंचायत सुकमा, तीनों जनपद पंचायत के अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद् सुकमा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा आयोग व बोर्ड के सदस्य गण उपस्थित रहेंगे।

## एक नजर

### कौशल प्रशिक्षण के लिए कांउसलिंग शिविर का आयोजन 5 दिसम्बर से

**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी के अन्तर्गत संचालित डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, सिलाई, इलेक्ट्रीशियन, कुरियर डिलवरी, इलेक्ट्रानिक, ब्यूटी थैरिपिस्ट एवं पलम्बर में हितग्राहियों का प्रशिक्षण कराने हेतु 5 दिसम्बर से 14 दिसम्बर 2022 को सुबह 10.00 बजे से 3.00 बजे तक विकासखण्ड स्तर पर काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर का आयोजन 5 दिसम्बर जनपद पंचायत, कसडोल, 6 दिसम्बर रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार, 7 दिसम्बर जनपद पंचायत भाटापारा, 8 दिसम्बर जनपद पंचायत सिमगा, 14 दिसम्बर को बिहान भवन पलारी में किया जायेगा। कौशल प्रशिक्षण में भाग लेने वाले योग्यताधारी हितग्राही दिए गए स्थान एवं समय पर उपस्थित होकर लाभ ले सकते है।

### 5 दिसम्बर को राज्य स्तरीय मेगा रोजगार मेला का आयोजन

**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छ.ग. राज्य कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर के तत्वधान में ''राज्य स्तरीय मेगा रोजगार मेला'' का आयोजन विभिन्न सेक्टर अपेरल, बैकिंग एवं फायनेसियंल, आई टी, हेल्थकेयर, टुरिजम एवं हॉस्पिलिटी, लॉजिस्टिक मेंनुफेक्चिरिंग, रिटेल एवं सिक्युरिटी के अन्तर्गत विभिन्न कम्पानियों से प्राप्त 46 हजार 616 रिक्तयों हेतु दिसम्बर माह के द्वितीय सप्ताह में सम्भाविंत है। रोजगार मेला में विभिन्न योग्यताधारी जैसे :- आठवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा इंजीनियरिंग, बी.ई. आदि आवेदक सम्मिलित हो सकते है। इस हेतु आवेदकों को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बलौदाबाजार में 5 दिसम्बर 2022 को दोपहर 1.30 बजे तक दिये गये गुगल लिंक में एवं उपस्थित होकर अपना आवेदन जमा कर सकते है। अत: आवेदक अपना नाम, पिता का नाम, मोबाईल नम्बर, लिंग, जन्म तिथि, आधार कार्ड नम्बर, पता, जिला, अन्तिम शैक्षणिक योग्यता, कौशल प्रशिक्षण- (हॉ/नहीं) सेक्टर का नाम, जीवित रोजगार पंजीयन क्रमांक इत्यादि की जानकारी दिये गये गुगल लिंक में अपना फार्म भर सकते है। रिक्तियों को विस्तृत जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय का दुरभाष नम्बर 07727299443 एवं 769722818, 9827168832, 9926769179 पर सम्पर्क कर सकते है।

### नाबालिग लडकी को भगाकर दुष्कर्म करने वाले गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार दीपक झा द्वारा महिलाओं पर घटित अपराधों पर कार्रवाई करने प्राप्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में सुहेला थाना प्रभारी उपनिरीक्षक भीम कुमार सोम के नेतृत्व में दिनांक 31.07.22 को प्रार्थी के नाबालिग लडकी घर में बिना बताये कहीं चली गई थी जो घर वापस नही आने पर नाबालिक लडकी को बहला फुसला कर भगाकर ले जाने की प्रबल संभावना पर अपराध क्रमांक 197/22 धारा 363 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान लगातार अज्ञात आरोपी एवं पीडिता का पतासाजी गंभीरता से किया जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मुस्कान अभियान के दौरान पतासाजी कर पीडिता को कल दिनांक 02.12.22 को आरोपी भारत भूषण यादव पिता श्रीराम यादव उम्र 21 साल साकिन अमेरी थाना सुहेला के कब्जे से सड्डू रायपुर से बरामद किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा का पाये जाने से आज दिनांक 03.12.2022 को धारा 363, 366, 376 भादवि एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक निमांड पर भेजा गया। उक्त कार्याही में प्रधान आरक्षक भीम साहू, पुष्पा राठौर, आरक्षक सुरेश वर्मा एवं सायबर सेल का विशेष योगदान रहा था।

**खबर का असर: तरूण छत्तीसगढ़ ने पुरजोर तरीके से उठाया था बाउण्ड्रीवाल में गड़बड़ी का मुद्दा**

# वन विभाग ने कारली बाण्ड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाने की कवायद शुरू की



- **चाहरदीवारी की उंचाई बढ़ाने तोड़े जा रहे बाउण्ड्रीवाल की उपरी सतह**
- **अधिकारी इसे चाहरदीवारी की कोपिंग कार्य बता रहे**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**दंतेवाड़ा 4 दिसंबर।** गीदम वन परिक्षेत्र के पुलिस लाइन कारली में वन विभाग द्वारा बनाए गए चाहरदीवारी की उंचाई में घोलमाल किए जाने की खबरें तरूण छत्तीसगढ़ लगातार उठा रहा था और बता रहा था कि निर्माण कार्य में कोताही बरती जा रही है। ड्राइंग के हिसाब से अहाता निर्माण का कार्य नहीं किया जा रहा है। 2 मीटर की जगह 1.60 सें.मी. उंचाई रखी गई है साथ ही कई अन्य प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी भी अहाता निर्माण में किया गया है। वहीं वन विभाग अपनी गलती स्वीकारने को तैयार नहीं था। आरटीआई में मांगी गई जानकारी भी गलत दी गई थी। मीडिया में लगातार खबरें उठने के बाद देर से ही सही अधिकारियों की नींद खुली और उसी अहाते की उंचाई बढ़ाने की कवायद शुरू कर दी गई है। हालांकि विभागीय अधिकारी अभी भी गड़बड़ी की बात मानने को तैयार नहीं हैं उनका तर्क है कि अहाते के उपरी हिस्से में कोपिंग किया जाता है कोपिंग का कार्य शेष था जिसे अभी करवाया जा रहा है। बताते चलें कि अगर कोपिंग का काम करना ही था तो पूरी दीवार में प्लास्तर क्यों करवाया गया था? अहाता बनाने वाले कारीगर व मजदूरों से उसी समय कोपिंग का कार्य क्यों नहीं करवा लिया गया था जब दीवार उठाई जा रही थी। दीवार निर्माण का कार्य समाप्त होने के बाद दुबारा से मजदूर लगाकर काम करवाने से क्या एक ही कार्य का डबल मजदूरी व मिस्त्री का खर्च नहीं आएगा? व्हाउचर पहले ही कम्प्लीट कर लिया गया था। असल बात तो यह कि दीवार की उंचाई कम कर अधिकारी मटेरियल का खर्च बचाकर अपनी जेब में भरने की तैयारी कर चुके थे वो तो ऐन वक्त पर मामला मीडिया में उठ गया अन्यथा दीवार जितनी बनाकर छोड़ी गई थी उतनी ही रह जाती।

गौरतलब है कि गीदम वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1329 पुलिस लाइन कारली में सागौन प्लांटेशन के चारों ओर केम्पा मद से 2480 रनिंग मीटर का बाउण्ड्रीवाल बनाया जाना था। इस बाउण्ड्रीवाल की उंचाई राज्य केम्पा मद के ड्राइंग के हिसाब से 200 सेंटीमीटर अर्थात 2 मीटर उंची बननी थी। बेस के उपर आरसीसी प्लींथ के बाद 80 सें.मी. ईट की दीवार के बाद सेंटर में पुनः एक आरसीसी बीम बिछाया जाना चाहिए था लेकिन अधिकारियों ने ऐसा नहीं किया। सेंटर आरसीसी डाला ही नहीं गया है। इसी गड़बड़ी को तरूण छत्तीसगढ़ ने उठाया था और बाउण्ड्रीवाल में गड़बड़ी की खबरें प्रकाशित की थी। अधिकारियों से सूचना के अधिकार के तहत ड्राइंग मांगी गई थी। जानकारी देने में विलंब की गई और दी गई ड्राइंग भी सही प्रतीत नहीं हो रही थी। विभाग के जन सूचना अधिकारी रेंज अफसर द्वारा कार्य की दी गई इस्टीमेट व ड्राइंग में ही अलग अलग माप बताया गया था। दूसरे जिले से इसी कार्य का ड्राइंग निकाला गया तब जाकर पूरा माजरा समझ में आया और गड़बडी पकड़ी गई थी। अब जब रेंज अफसर गलत जानकारी देने में फंस गए तो आनन फानन में अब बाउण्ड्रीवाल को फिर से उपरी हिस्से को तोड़कर दीवार की उंचाई बढ़ाने की कवायद आज से शुरू कर दी गई है। मजदूरों द्वारा अहाते की उपरी हिस्से को तोड़ते फोड़ते एवं दीवार में बांस की चाली लगाकर कार्य शुरू करने की पूरी तैयारी चल रही है जिसे चित्र में देखकर समझा जा सकता है। अखबर में गड़बडी छपने के बाद रेंज अफसर एवं डिप्टी रेंजर लगातार खबर को मैनेज करने एवं आरटीआई मांगने वाले आवेदक पर दबाव बनाने की पूरी कोशिश करते रहे लेकिन बगैर समझौता पूरी निष्पक्षता एवं अडिगता के साथ मामले को उठाया जाता रहा अंततः गड़बड़ी करने वाले विभागीय अधिकारियों को हार माननी पड़ी और आज सच सबके सामने है कि विभाग फिर से उसी काम को करवा रहा है जिसे समय व वक्त रहते उसी दौरान करवाया जा सकता था जब अहाते का निर्माण हो रहा था। हमने पहले ही कहा था कि झुठ के पांव ज्यादा लंबे नहीं होते इसलिए वो ज्यादा दूर तक चल नहीं पाता यह सच साबित हुआ है। विभाग ने दुबारा से अहाते की उंचाई बढ़ाने का कार्य शुरू कर तरूण छत्तीसगढ़ की खबर पर खुद ही मुहर लगा दी है।

# लापरवाह वाहन चालकों से 43 हजार की वसूली

- **आज विशेष रूप से प्रतिबंधित मार्ग में वाहन चलाने, तेज गति एवं खतरनाक ढंग से वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**




**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर।** 2 दिसम्बर को यातायात पुलिस बलौदाबाजार के द्वारा वाहन चालको के उपर कार्यवाही किया गया प्रतिबंधित मार्ग में वाहन चलाने वाले चालको पर की गई कार्यवाही वसूला गया 8000 का जुर्माना। नाबालिक वाहन चालकों पर की गई कार्यवाही वसूला गया 2000 का जुर्माना। तेज गति खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले चालकों पर गई कार्यवाही वसूला गया जुर्माना। सिग्नल जंप करने वाले चालकों पर की गई कार्रवाई वसूला गया 7500 जुर्माना। दुपहिया वाहन में तीन सवारी बिठाना 26 प्रकरण 7800 समन शुल्क। बिना हेलमेट पहने वाहन चलाना 04 प्रकरण 2000 समन शुल्क। बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना 05 प्रकरण 2500 समन शुल्क। बिना प्रकरण 10 प्रकरण 3000 शुल्क। मौके पर कागजात पेश न करना 15 प्रकरण 4500 समन शुल्क। नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना 08 प्रकरण 2400 समन शुल्क। नाबालिक द्वारा वाहन चलाना 01 प्रकरण 2000 समन शुल्क। सिग्नल जंप करना 25 प्रकरण 7500 समन शुल्क। प्रतिबंधित मार्ग में वाहन चलाना 04 प्रकरण 8000 समन शुल्क। तेज गति तीन सवारी खतरनाक ढंग से वाहन चलाना 01 प्रकरण 2300 समन शुल्क। पुलिस अधिकारी आदेश की अवहेलना 02 प्रकरण 1000 समन शुल्क। यातायात पुलिस द्वारा कुल 101 प्रकरण मे 43000 समन शुल्क लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर के निर्देशन मे आज दिनांक 02.12.2022 को यातायात प्रभारी नरेश चौहान एवं स्टाफ द्वारा, दुपहिया वाहन मे तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, बिना नंबर मौके पर कागजात पेश न करना, नाबालिक द्वारा वाहन चलाना, पुलिस अधिकारी की अवहेलना, प्रतिबंधित मार्ग में वाहन चलाना, बिना लाइसेंस वाहन चलाना, सिगनल जंप, नो पार्किंग मे वाहन खडी करना, करने वाले चालको पर कार्यवाही किया गया।

# चोरी एवं लूट की घटना में शामिल 6 आरोपी गिरफ्तार

- **आरोपियों में 3 अपचारी बालक भी है शामिल**
- **चोरी का माल खरीदने वाले खरीदार को भी दबोचा गया**
- **चोरी के मामले में आरोपियों से 74, 000 कीमती, चोरी गया शत-प्रतिशत सामान किया गया बरामद**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को चोरी लूट जैसे अपराध में शामिल आरोपियों को पकड़ने हेतु प्राप्त निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुभाष दास के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर उप निरीक्षक उमेश वर्मा के नेतृत्व में चौकी लवन से चोरी हुए मशरूका एवं मुलजिम की पतासाजी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था।

3 दिसम्बर को मुखबिर सूचना पर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर जुर्म स्वीकार करने पर मेमोरेंडम कथन लिया गया एवं मुताबिक मेमोरेंडम लूट व चोरी गया मशरूका तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग मोटरसाइकिल को बरामद कर कार्रवाई करते हुए चोरी में शामिल 03 आरोपी तथा 03 विधि से संघर्षरत बालकों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल में निरुद्ध तथा बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि जीवन लाल वर्मा, विजय केसरिया, प्रधान आरक्षक भारत भूषण पठारी, निरंजन प्रसाद सेन आरक्षक केशव भट्ट, सूरज पाटले, कमलेश बर्मन का विशेष योगदान रहा।

प्रार्थी प्रेमलाल गाड़ा निवासी ग्राम चिचपोल घटना दिनांक 09.11.2022 को ग्राम डमरु से उधारी में 10, 600 लेकर लिफ्ट लेकर वापस घर जा रहा था। रास्ते में पेशाब पानी के लिए रुकने पर 03 अज्ञात व्यक्ति एक मोटरसाइकिल में आए और प्रार्थी से जबरन पैसे को लूट कर भाग गए थे। मामले में अपराध कायम कर विवेचना पता तलाश में लिया गया था विवेचना दौरान आरोपी का पता कर मुताबिक मेमोरेंडम खर्च बाद शेष रकम आरोपी सुमित, पवन कुर्रे एवं एक अपचारी बालक से नगदी रकम 2000 नगद एवं मोटरसाइकिल जप्त किया गया है।

**18 लाख की स्वीकृति के पश्चात सफल ऑपरेशन से हुआ लिवर ट्रांसप्लांट**

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से शिवांशी को मिला नया जीवन

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**बीजापुर 4 दिसम्बर** मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से प्रदेश के लाखों लोगों को नया जीवन मिल रहा है। इसी तरह बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लाक के सुदूर पंचायत मिरतुर के दम्पति की बच्ची मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से जीवनदान मिला।

मिरतुर निवासी खेमेश्वर कड़ती जो कि गरीब परिवार से है उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है खेमेश्वर की 9 माह की बेटी शिवांशी का तबियत अचानक खराब हो जाने पर दंतेवाड़ा में ईलाज कराया गया। वहां के डाक्टरों ने जगदलपुर अस्पताल में ईलाज कराने की सलाह दी। जगदलपुर में भी ईलाज नहीं हो सका डाक्टरों ने रायपुर के किसी बड़े अस्पताल में ईलाज कराने की समझाईश दी फिर जैसे-तैसे रायपुर के एकता इंस्टियूट ऑफचाइल्ड हेल्थ केयर में ईलाज के लिए गए। वहां भी मायूसी मिली डाक्टरों द्वारा दिल्ली ले जाने की सलाह देने पर खेमेश्वर और उसकी पत्नी मायूस हो गए परिवार की आर्थिक स्थिति



इतनी अच्छी नही थी कि दिल्ली में जाकर बच्ची का ईलाज करा सकें। फिर कुछ दिनों बाद ईलाज हेतु हैदराबाद के एलआईजी अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने लिवर ट्रांसप्लांट कराने की बात कही जिसमें 20 लाख रूपए तक खर्च होना बताया।

विधायक के पहल पर कलेक्टर एवं जिला चिकित्सालय द्वारा कराया गया समुचित ईलाज- बच्ची की स्थिति से अवगत होकर विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी ने जिला चिकित्सालय में चेकअप कराने को कहा विधायक एवं कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देश पर सिविल सर्जन एवं सीएमएचओ डॉ. सुनील भारती द्वारा उक्त मरीज के प्रकरण को राज्य कार्यालय भेजा गया, जहां डाक्टरों ने बताया कि सफलतापूर्वक ईलाज छत्तीसगढ़ में संभव है। बच्ची को डीकेएस अस्पताल रायपुर के द्वारा रामकृष्ण केयर अस्पताल रिफर किया गया। ईलाज में 20 लाख रूपए की लागत आने के कारण राज्य कार्यालय द्वारा आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना से ईलाज कराने का निर्णय लिया गया और 18 लाख रूपए स्वीकृत कर 02 नवंबर 2022 को सफल ऑपरेशन हुआ। बच्ची पूर्णरूप से स्वस्थ है, मुख्यमंत्री के संवेदनशील पहल एवं उनकी महत्वाकांक्षी योजनाओं से गरीब परिवार को जटिल रोग से निदान होने और बच्चे को जीवन दान मिलने पर बच्ची के माता-पिता और परिवार जनों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया इसी तरह क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी को धन्यवाद देते हुए कहा कि सही समय पर विधायक जी ने आत्मीयतापूर्वक बच्ची के समुचित ईलाज के लिए प्रयास कर उसे जीवनदान दिया। माता-पिता एवं परिवार जनों ने कलेक्टर कटारा सहित जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

## समाचार संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग हर्षिता के चेहरे पर आई मुस्कान



**छुरा, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गरियाबंद जिले के दिव्यांगो की सेवा में समर्पित छुरा नगर के समाजसेवी मनोज पटेल ने समाज कल्याण विभाग गरियाबंद से दिव्यांग बच्ची कु.हर्षिता सेन के लिए उनके घर फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम पंचायत सोनेसिली में जाकर व्हीलचेयर दिया गया। जिस पर हर्षिता सेन के पिताजी और समस्त ग्राम वासियों ने समाजसेवियों का धन्यवाद किया। समाजसेवी ने कहा कि कभी-कभी समाज में इस प्रकार के किसी व्यक्ति से मिलने का अवसर आता है, जो हमारे मन में ढेर सारे विचार आते हैं। हमारी सोच के अनुसार हम उसे देखने का अपना नजरिया भी व्यक्त करते हैं। कई लोग होते हैं, जो हादसे के शिकार होने के कारण अपना कोई अंक गंवा देते हैं। कुछ लोग होते हैं कि जन्मजात ही कोई क्षति रह जाती है और ऐसे लोगों के लिए दुनिया में अनेक अनेक शब्द प्रयोग हुए हैं। लेकिन हमेशा इन शब्दों के प्रति भी चिंतन चलता रहता है। व्हीलचेयर देने पहुंचे समाजसेवी रोशन देवांगन, मनोज पटेल, रेखराम ध्रुव अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की दिव्यांग भाई-बहनों को शुभकामनाएं दी।

### ग्रामीण क्षेत्र के आदर्श शिक्षक रामकृष्ण निषाद को दी गई विदाई



**छुरा, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मॉडल प्राथमिक शाला तुमगांव में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रामकृष्ण निषाद का विदाई समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रामकृष्ण निषाद थे। अध्यक्षता सरपंच संतु ध्रुव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच खेदु राम साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के संरक्षक पुराणिक साहू, अध्यक्ष तुलेश कुमार, संकुल समन्वयक विनोद चंद्राकर, पूर्व संकुल समन्वयक भरत साहू, समाजसेवी शीतल ध्रुव, मनोज पटेल, रूपनाथ बंजारे एवं रोशन देवांगन मंचासीन थे। मां शारदे की पूजा अर्चना उपरांत राजकीय गीत के साथ विदाई कार्यक्रम की शुरुआत हुई। नवाचारी शिक्षक शंकर लाल यदु ने अपने प्रधान पाठक के साथ बिताए पलों को याद करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निषाद जी सदैव प्रयासरत थे। वे हमें सदैव नवाचारी गतिविधियों कबाड़ से जुगाड़ हेतु प्रेरित करते थे। वे नैतिक शिक्षा में जोर देते थे। सरपंच संतु ध्रुव ने कहा कि निषाद जी का सहयोग हमें हर तरह से मिलता रहा है। वे अच्छे शिक्षक होने के साथ ही एक जिम्मेदार नागरिक एवं अच्छे इंसान भी हैं। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक पुराणिक साहू ने कहा कि निषाद सर शांत, सरल, सहज व्यवहार के धनी हैं। उपसरपंच खेदू राम साहू ने कहा कि रामकृष्ण निषाद जी केवल विद्यालय तक ही सीमित नहीं थे परंतु गांव के सभी व्यक्ति के साथ आत्मीय व्यवहार था। आपकी कमी पूरे गांव को हमेशा खलेगी। अपने उद्बोधन के माध्यम से संकुल समन्वयक विनोद चंद्राकर, पूर्व संकुल समन्वयक भरत साहू, सामाजिक कार्यकर्ता शीतल ध्रुव, रूपनाथ बंजारे, श्यामा नेताम, सुश्री जया यादव ने रामकृष्ण निषाद जी को ग्रामीण क्षेत्र का आदर्श शिक्षक बताया। थे।

### हाथी मानव द्वंद से बचाने वन विभाग के कर्मचारी-अधिकारी किए गए प्रशिक्षित



**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छ.ग. शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा रायपुर वन वृत्त के वनमंडल बलौदाबाजार अंतर्गत डीएफओ मयंक अग्रवाल के निर्देश में उपवनमंडल कसडोल के परिक्षेत्र देवपुर के प्रशिक्षण केन्द्र में वर्तमान में हाथी विवरण एवं समस्या को दृष्टिगत रखते हुए एक दिवसीय गजराज (हाथी) प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभात दुबे हाथी एक्सपर्ट सरगुजा के द्वारा छत्तीसगढ़ में हाथी संघर्ष को समझना और प्रबंधन पर आधारित प्रशिक्षण में हाथी के प्रकार, छत्तीसगढ़ में हाथी की वर्तमान स्थिति, संख्या, भोजन, हाथीयों की पहचान, उनका जीवनकाल के संबंध में प्रेजेंटेपन आधारित प्रशिक्षण देकर विस्तृत जानकारी दिया। दोपहर बाद सत्र में हाथियों में समाजिक व्यवहार एवं संचार के तहत हाथी के ग्रुप विचरण की क्षेत्रावली, प्रजनन, आवृत्ति, समाज संगठन की जानकारी दुबे जी के द्वारा दिया गया।बाद के सत्र में मानव हाथी संघर्ष के तहत मानव द्वंद्व के कारण, निदान एवं सुरक्षा के विभिन्न उपायों की जानकारी सरल भाषा में दी गई। उक्त एक दिवसीय गजराज (हाथी) प्रशिक्षण कार्यशाला में उपवनमंडल कसडोल अंतर्गत देवपुर, अर्जूनी, सोनाखान, बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के कर्मचारी, अधिकारी, वन प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा सभी परिक्षेत्र से हाथी मित्र के सदस्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर फिल्ड में होने वाले विभिन्न परेशानियों से सवाल जवाब कर समाधान कारक उपाय से रूबरू हुए।

### शराब की अवैध बिक्री करने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 4 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में थाना सुहेला पुलिस द्वारा थाना प्रभारी भीम कुमार सोम के नेतृत्व में शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 2 दिसम्बर को थाना सुहेला पुलिस द्वारा उड़ेला में दबिश देकर अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से कुल 34 पाव अंग्रेजी गोल्डन गोवा स्पेशल एवं 23 पाव देशी मशाला जुमला 10.80 बल्क लीटर कीमती 6490रू का शराब जप्त क्या गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सुहेला में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी रिमांड में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में प्र आर 182, आर सुरेश कुमार वर्मा संतोष कुमार साहू का योगदान रहा।



# वक्त बदलेगा तो इस बार पूछूंगा मैं उससे तुम बदलते हो तो क्यों लोग बदल जाते हैं

छत्तीसगढ़ में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव सौम्या चौरसिया को ईडी ने मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। ईडी ने उन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड में ले लिया है।कोर्ट में क्या कहा सौम्या ने? कोर्ट में सौम्या चौरसिया ने एडीजे अजय सिंह राजपूत से कहा कि ईडी के अधिकारी मुझे जमीनों के मामलों को लेकर आरोपी बना रहे हैं जबकि संबंधित जमीनें मेरी मां और अन्य परिजनों के नाम पर हैं। जमीनों का डायवर्जन होने से उनकी कीमतें बढ़ गई हैं। ईडी के वकील सौरभ कुमार ने कोर्ट को बताया कि कोल सिंडिकेट के जरिए धन की व्यापक उगाही की गई है। इसका विस्तृत ब्यौरा कारोबारी सूर्यकांत तिवारी की डायरी में मिलता है। इस डायरी में जब-जब रकम को लेकर एंट्री की गई तब-तब ये पाया गया है कि जमीनों और अन्य अचल संपत्ति में निवेश किया गया है। यहाँ यह भी बताना जरुरी है कि पहले अक्तूबर महीने में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने रायपुर के सयाजी होटल में डेरा जमाया था। होटल को ही अपना कैंप ऑफिस बना लिया था। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कार्रवाई के बीच माइनिंग डायरेक्टर जेपी मौर्य को कैंप ऑफिस ले जाया गया था।रायगढ़ की कलेक्टर रानू साहू से भी पूछताछ की गई है।इसके बाद चिप्स (छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी) के सीईओ समीर विश्नोई और उनकी पत्नी को भी पूछताछ के लिए बुलाया था। यह भी बताया गया था कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओएसडी सौम्या चौरसिया से भी करीब 7-8बार पूछताछ की गई थी।वहीं ईडी द्वारा पूर्व की कार्रवाई में एकआईएएस अफसर समीर विश्नोई के घर से चार करोड़ कैश, सोना और करोड़ों की ज्वैलरी बरामद की थी। ईडी के टारगेट में कोयला और रेत का कारोबार करने वाले लोग ज्यादा हैं। सौम्या की गिरफ्तारी पर अभी तक ईडी ने प्रेस रिलीज जारी नहीं किया है। वैसे इस गिरफ्तारी से अब सियासत का माहौल और गर्म होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व में ही आरोप लगाया था कि राजनीतिक साजिशों को अंजाम देने के लिए ईडी का इस्तेमाल किया जा रहा है।जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएगा,वैसे वैसे ईडी यहां डराने के लिए आती रहेगी। अभी हाल ही में सीएम भूपेश ने ईडी के पूछताछ के तरीके पर भी आरोप लगाया था और कहा था अमानवीय कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जायेंगे। जरूरत पड़ी तो ईडी पर वैधानिक पुलिसिया कार्रवाई की जाएगी।

### अमिताभ के बतौर सीएस 2 साल पूरे...

छत्तीसगढ़ मूल के वरिष्ठ आईएएस अफसर अमिताभ जैन राज्य के नए मुख्य सचिव के रूप में 2 साल पहले काम सम्हाला था। वे छग मूल के चौथे आईएएस हैं, जो मुख्य सचिव हैं । इससे पहले विवेक ढांढ, अजय सिंह और मंडल मुख्य सचिव बने थे । जैन का मुख्य सचिव का कार्यकाल तकरीबन पांच साल का हो सकता है। वे जून 2025 में रिटायर होंगे।जैन, भूपेश सरकार की पहली पसंद के तौर पर इसलिए भी सामने हैं क्योंकि उनमें काम के प्रति लगन काफी अच्छी है। इसके अलावा सौम्य स्वभाव होने के कारण वे सभी को स्वीकार्य हैं। उनका 2साल का कार्यकाल सरकार से अच्छे तालमेल के चलते ठीक ठाक कहा जा सकता है। छग में 89 बैच के आईएएस अमिताभ जैन का नंबर वरिष्ठता में सबसे उपर आता है वे अपने बैच के अकेले अफसर हैं। उनके बाद 90 बैच का कोई आईएएस छग में नहीं है। 91 बैच की आईएएस रेणु जी पिल्ले हैं तो 92 बैच के है सुब्रत साहू,अभी दोनों ही एडीशनल चीफसेक्रेटरी है।



वहीं इनके बाद 93 बैच के आईएएस अमित अग्रवाल केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में है। इसके बाद प्रमुख सचिव 94 बैच की रिचा शर्मा, निधी छिब्बर, विकासशील और मनोज पिंगुआ हैं जिनमें मनोज पिंगुआ को छोड़कर बाकी तीन को केंद्र सरकार ने एडीशनल सेक्रेटरी इम्पेनल किया है, वैसे अमिताभ और रेणु पिल्ले केंद्र में एडीशनल सेक्रेटरी इम्पेनल पहले ही हो चुके हैं वहीं अमित अग्रवाल एडीशनल सेक्रेटरी के तौर पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। खैर 94 के बाद 95 बैच की मनिंदर कौर, गौरव द्विवेदी है इसके बाद 97 बैच की निहारिका बारिक हैं। 98 बैच के सुबोध कुमार सिंह हैं तो 99 बैच के सोनमणी वोरा का नंबर आता है। इसके बाद 2001 बैच की शहला निगार, 2002 बैच के डॉ. कमलप्रीतसिंह एवं डॉ. रोहित यादव हैं। 2003 बैच की ऋतु सेन, सिद्धार्थ कोमल परदेशी, 2004 बैच की पी. संगीता, आर. प्रसन्ना, अमित कटारिया, अवलंगन पी, अलरमेल मंगई डी का नंबर आता है। बहरहाल अमिताभ मुख्य सचिव का कार्यकाल 2025 तक रहेगा वैसे अभी तक साढ़े 4 साल करीब मुख्य सचिव रहकर विवेक ढांड ने रिकार्ड बनाया है। जैसे सरकार से अच्छा तालमेल है, अच्छी छवि है उससे लगता नही है कि अभिताभ को फिलहाल डिस्टर्ब किया जाएगा।

### अतिरिक्त सचिव और प्रमुख सचिव की कमी...

छत्तीसगढ़ में कुल 168 आईएएस में 22 अफसर तो प्रतिनियुक्ति में हैं? हालात यह हैं कि मुख्य सचिव के बाद केवल 2 अतिरिक्त मुख्य सचिव हैं वहीं केवल 1 प्रमुख सचिव के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।वरिष्ठ आईएएस अमित अग्रवाल, ऋचा शर्मा,निधि छिब्बर, विकासशील,मनिंदर कौर द्विवेदी, गौरव द्विवेदी,सुबोध सिंह और सोनमनी बोरा प्रतिनियुक्ति पर हैं तो निहारिका बारिक अवकाश पर हैं।ये सभी 1993 से 1998 बैच के हैं। जाहिर है कि वरिष्ठ आईएएस की कमी के चलते कामकाज प्रभावित हो रहा है, सरकार अब कुछ जूनियर के पदोन्नति का प्रस्ताव केंद्र को भेजा है।

### बेनीमाधव तिवारी और सड़क का नामकरण...

बेनीमाधव तिवारी के नाम पर रायपुर की एक सड़क का नामकरण करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे साधुवाद के पात्र हैं। पं. बेनीमाधव




तिवारी ने बाल्यावस्था में आजादी के आंदोलन में योगदान दिया था । लेकिन देश की स्वतंत्रता के बाद काम की तलाश वे घर से निकल पड़े और लभेदी (इटावा)से नागपुर आ गए और पं. रविशंकर शुक्ल परिवार से जुड़ गए। पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के साथ सन् 1951 से जो रिश्ता कायम हुआ, तो वह जीवनपर्यंत बना रहा। शुक्ल के बेहद करीबी लोगों में एक होने के कारण एक समय उनका भी जलवा था.. उसके बावजूद उन्होंने कभी भी अपनी राजनीतिक पहुँच का दुरुपयोग नहीं किया पर जब कभी किसी को जरूरत पड़ी तो उसकी सहायता के लिए वे हमेशा आगे रहे। पं. तिवारी जैसे लोग अब दुर्लभ हैं।पं. तिवारी का पत्रकारिता से भी जुड़ाव रहा। रायपुर में अँग्रेजी समाचार पत्र 'द हितवाद' को शुरु करने का श्रेय इन्हीं को जाता है। वे लम्बे समय तक हितवाद के प्रकाशक रहे। पं. तिवारी, विद्या भैया के सच्चे सलाहकार के रूप में जाने जाते रहे। लोग जानते हैं कि अनेक मौकों पर उन्होंने विद्या भईया के गलत निर्णयों का प्रतिवाद भी किया। यह और बात है कि जब विद्या भैया के इर्द-गिर्द अलग किस्म के लोगों का घेरा बढने लगा तो पं. तिवारी धीरे-धीरे दूर होते गए लेकिन शुक्ल पारिवारिक से आत्मीयता बनी रही। वे दिल से कभी अलग नहीं हुए और अंतिम सांस तक विद्या भैया और उनके परिवार के प्रति सद्भावना बनाए रखी। पं. तिवारी ने कृषि कार्यों का अवलोकन करने जापान की यात्रा भी की। वहाँ वे तीन माह रहे,वहाँ की कृषि



तकनीक का अध्ययन करके लौटे तो अनेक किसानों को उसका लाभ भी मिला। पं. तिवारी ने चालीस साल पहले अनेक देशों की हवाई यात्राएँ की। उस वक्त बहुत कम लोग ही हवाई यात्रा करते थे। यह वह दौर था जब राजनीति के केंद्र विद्या भईया हुआ करते थे और उनके सलाहकार हुआ करते पं. बेनीमाधव तिवारी। विद्या भैया इनके भरोसे राजनीति में निश्चिंत हो कर सक्रिय रहते और पं. तिवारी उनके भरोसे को बरकरार रखते हुए क्षेत्र के लोगों की भलाई में लगे रहते थे।ज़ब विद्या भैया के करीब कुछ लोग जुड़े तभी से भईया की आम लोगों से दूर होने की शुरुआत हुई..? बड़े नेताओं के इर्दगिर्द मंडराने वाले अनेक छुटभैये लोग मालामाल हो गयेज , लाल हो गयेज, लेकिन पं. तिवारी हमेशा सामान्य जीवन जीते रहे। न धन कमाया, न कभी दंभ दिखाया। मेहनत और ईमानदारी से परिवार का भरण-पोषण करके बच्चों को लायक बना दिया। वे कभी सक्रिय राजनीति में नहीं गए न बेटों को उस ओर जाने दिया।उनके एक बेटे रवि तिवारी सामाजिक कार्यो में लगे हैं पर राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं।बेनी माधव राजनीति में सक्रिय नहीं रहे लेकिन कांग्रेस के प्रति गहरा लगाव था।

### पति-पत्नी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल...

राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा में अलग अलग ही सही पर छ्ग के पति-पत्नी शामिल हुए हैं संभवतःवे पहले कॉग्रेसी दम्पति होंगे जो भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए होंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास मंहत भी भी भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ कदम से कदम मिलाते नजर आए। यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने उनसे विस्तार से चर्चा की। इस दौरान राहुल गांधी डॉ महंत का हाथ पकड़ यात्रा करते भी नजर आए। इस यात्रा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री टीएस सिंहदेव सहित अन्य नेताओं की भी उपस्थिति रही।यहाँ यह बताना भी जरुरी है कि डॉ. महंत की पत्नी तथा कोरबा की लोस सदस्य ज्योत्सना महंत भी पहले भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो चुकी हैं।

### और अब बस...

- आरक्षण संशोधन विधेयक छग विधानसभा में पारित हो गया है।76त्न आरक्षण का प्रस्ताव राज्यपाल को सबसे पहले भेजा जाएगा।
- छत्तीसगढ़ कॉडर के 2आईपीएस अफसरों को मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स ने केंद्र में आईजी इम्पैनल किया है। ये 2आईपीएस अफसर हैं पी सुंदरराज, ओ पी पाल । केंद्र में इम्पैनल का मतलब है यदि ये अफसर प्रतिनियुक्ति में केंद्र में जाते हैं तो इनकी नियुक्ति आईजी के पद पर होगी।
- भानुप्रतापपुर विस उप चुनाव में हालांकि भाजपा ने सांसदों, विधायकों को झोंक दिया है पर माहौल नहीं बन पा रहा है।
- कॉग्रेस के बस्तर के सभी विधायक सावित्री मंडावी को जिताने सक्रिय हो गये हैं।



## एक नजर

### जनजागरूकता के लिए कराया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**रायपुर, 4 दिसंबर।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के जीवन सूचकांक सर्वेक्षण-2022 में फीडबैक देने आज रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. ने युवाओं को जागरूक किया। रायपुर में प्रत्येक माह आयोजित होने वाले 'पर्यावरण जागरूकता' व 'युद्ध नशे के विरुद्ध' कार्यक्रम में शामिल सैकड़ों युवाओं ने अपने शहर की उत्कृष्ट रैंकिंग के लिए अपना फीडबैक दिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रायपुर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी, सभापति प्रमोद दुबे, ग्रीन आर्मी के संस्थापक लक्ष्य चौरे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर शहर के थीम सॉन्ग 'मोर रायपुर-स्वच्छ रायपुर' की प्रस्तुति के लिए दिव्यांग बालिकाओं को सभी से सराहना मिली। इन बालिकाओं के गाए यह गीत कचरा संकलन हेतु डोर-टू-डोर जाने वाले वाहनों में विगत 5 वर्षों से निरंतर सुने जाते हैं। ।

### जीवन सूचकांक सर्वेक्षण में फीडबैक देने युवाओं ने निकाली साइकिल रैली

**रायपुर, 4 दिसंबर।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में संचालित किए जा रहे जीवन सूचकांक सर्वेक्षण-2022 में फीडबैक देने सभी को प्रेरित करने युवाओं ने रैली निकाली। रैली का नेतृत्व पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी एवं नगर निगम अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने किया। इस रैली में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संगठनों के साथ शहर के साइकलिंग क्लब से जुड़े युवाओं ने हिस्सा लिया।

### बूढ़ातालाब में लोक संगीत की प्रस्तुति

**रायपुर, 4 दिसंबर।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के 'जीवन सूचकांक सर्वेक्षण-2022' में आम नागरिकों को फीडबैक हेतु प्रेरित करने के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा वॉइस ऑफरायपुर कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन के तहत लोक संगीत व ओपन माइक की प्रस्तुति हुई, जिसमें रायपुर शहर को देश के सर्वश्रेष्ठ निवास योग्य शहर के रूप में पहचान दिलाने लोगों ने अपनी राय दी। रायपुर की पहचान के तौर पर स्थित ऐतिहासिक बूढ़ातालाब-स्वामी विवेकानंद सरोवर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में नागरिकों के साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों ने भी गायन में अपनी प्रस्तुति दी।

## मंत्री रविंद्र चौबे ने नहीं लिया मंदिर का नारियल

# गुहार लगाने पहुंचे संविदाकर्मियों को बंगले से लौटाया

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** चंदखुरी में स्थित माता कौशल्या के मंदिर का नारियल लेने से प्रदेश के मंत्री रविंद्र चौबे ने इनकार कर दिया । नारियल लेकर पहुंचे संविदा कर्मचारियों को मंत्री ने अपने बंगले से लौटा दिया, कह दिया कि समय लेकर मंत्रालय आना।

मंत्री से मिलने सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी संगठन के लोग पहुंचे हुए थे यह सभी अलग-अलग विभागों में संविदा पर काम कर रहे हैं। लंबे वक्त से कर्मचारी नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलनरत थे मंत्री से मुलाकात कर नियमितीकरण की गुहार लगाना चाह रहे थे मगर मंत्री रविंद्र चौबे ने इन्हें बंगले से ही चलता कर दिया।

**देना चाहते थे मनोकामना नारियलः** कर्मचारियों के संगठन से जुड़े हेमंत सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों चंदखुरी तक कर्मचारी पैदल यात्रा निकालकर पहुंचे थे । माता कौशल्या के दरबार में मत्था टेककर नियमितीकरण की मनोकामना मांगी थी । हजारों दीपक जलाए थे वही मनोकामना नारियल हम मंत्री को भेंट करना चाहते थे। उनसे मिलकर अपनी समस्या साझा करना चाहते थे मगर उन्होंने नारियल लेने से इनकार कर दिया और कह दिया कि मंत्रालय आकर मिलना। इसके पहले भी जब हम रविंद्र चौबे से मिलने उनके बंगले पहुंचे थे उन्होंने ऐसा ही कह कर हमें लौटा दिया था। जब हम मंत्रालय पहुंचे समय लेकर उनसे मिलने वाले थे तो अपॉइंटमेंट दिए जाने के बाद मंत्री से मुलाकात नहीं हुई। उनके अधीनस्थ कर्मचारियों ने कह दिया कि मंत्री के पास मिलने का समय नहीं है और हमें मंत्रालय से भी लौटा दिया गया। अब हमारे साथ यही हो रहा है हम मंत्री के बंगले जाते हैं तो वह मंत्रालय आने को कहते हैं और मंत्रालय जाते हैं तो वहां पर भी मंत्री नहीं मिलते।



**ओडिशा-राजस्थान में हो चुका है नियमितीकरणः** जनता कांग्रेस के प्रमुख अमित जोगी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखकर प्रदेश के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की थी इस बारे में जानकारी देते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रवक्ता भगवानू नायक ने कहा, ओडिशा सरकार ने लगभग 57 हजार अनियमित और संविदा कर्मचारियों को नियमित कर दीपावली का उपहार दिया है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी लगभग 1 एक लाख 10 हजार अनियमित कर्मचारियों को नियमित कर दिया है। छत्तीसगढ़ को इन दोनों राज्यों का अनुसरण करना चाहिए।

**नियमितीकरण हुआ तो खर्च होंगे 800 करोड़ः** सूत्रों के मुताबिक अगर प्रदेश के करीब 45 हजार कर्मचारियों को नियमित किया गया तो शासन पर 700-800 करोड़ रुपए साल का भार आने वाला है। सुगबुगाहट है कि नियमितीकरण जल्द लागू किया जा सकता है। कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में अनियमित और संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था। जनवरी-फरवरी (चुनावी साल) में इसकी घोषणा की जा सकती है। राजस्थान सरकार ने 21 अक्टूबर को आदेश जारी कर 30 हजार संविदाकर्मियों को नियमित कर दिया। इनमें पंचायत सहायक, शिक्षाकर्मी और पारा शिक्षक के पद शामिल हैं। इस वजह से प्रदेश के कर्मचारियों की उम्मीद और बढ़ गई है।

### कांग्रेस ने किया था वादा

कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में अनियमित और संविदा कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया था। सूत्रों के मुताबिक इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार इस साल दिसंबर तक सारी प्रक्रिया पूरी कर लेगी और जनवरी-फरवरी (चुनावी साल) में इसकी घोषणा की जा सकती है। हालांकि आला अफसर अभी इस मामले में खामोश हैं। भास्कर ने वित्त और सामान्य प्रशासन विभाग के आला अफसरों से बात की, लेकिन किसी ने इस मामले में टिप्पणी से मना किया। हालांकि यह जरूरी कहा कि संविदा और अनियमित कर्मचारियों की जानकारी मांगी गई है।

### राजस्थान ने हाल में किया

राजस्थान सरकार ने 21 अक्टूबर को आदेश जारी कर 30 हजार संविदाकर्मियों को नियमित कर दिया। इनमें पंचायत सहायक, शिक्षाकर्मी और पाराशिक्षक के पद शामिल हैं। तीनों को अब शुरुआत में 10,400 रुपए वेतन मिलेगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की तरह राजस्थान में भी कांग्रेस ने चुनावी घोषणा-पत्र में संविदाकर्मियों को नियमित करने का वादा किया था। अशोक गहलोत सरकार ने दिवाली के पहले यह सौगात दी है।

# बच्चों ने ड्रोन टेक्नोलॉजी को समझा और उड़ाना भी सीखा

## छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर में ड्रोन पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**रायपुर, 4 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर में 29 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक पाँच दिवसीय हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन रीजनल साईस सेन्टर के महानिदेशक डॉ. एस कर्मकार ने किया। कार्यशाला में बच्चों ने ड्रोन उड़ाने और उसकी टेक्नालॉजी सहित उनके उपयोग की जानकारी ली। बच्चों ने कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी भविष्य की टेक्नोलॉजी है। हमने साईस सेंटर की सहायता से सिर्फ परिचित ही नहीं हुए, बल्कि उसे स्वयं उड़ाकर भी देखा। साईस सेंटर की यह कार्यशाला विज्ञान के नवीन तकनीकों को सीखने के लिए बेहतर प्लेटफार्म है। कार्यशाला का आयोजन परियोजना संचालक डॉ. शिरिष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुआ।




यह आयोजन दो दिनों की थ्योरी कक्षाओं के साथ शुरू हुआ। साथ ही अगले तीन दिनों की असेम्बिलिंग और ड्रोन फ्लाईग सेशन के साथ समाप्त हुआ। इस कार्यशाला में स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, लालपुर एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अमलीडीह के नवमी से बारहवीं तक के कुल 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गौरतलब है कि कार्यशाला के दौरान 02 नवम्बर को कुछ समय के लिए जशपुर के पहाड़ी कोरवा बच्चे भी शामिल हुए। उन्होंने साईस सेंटर का अवलोकन किया और ड्रोन के बारे में भी जाना।

प्रशिक्षकों ने जानकारी दी कि आगामी कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट एवं एयरो मॉडलिंग पर दो और हैण्ड्स ऑन कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में आए छात्रों तथा उनके शिक्षक एवं अभिभावकों ने पूर्व में रीजनल साईस सेंटर में आयोजित 10 दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला की सराहना की। इस कार्यशाला के दौरान अन्य अधिकारियों में इंजीनियर अमित मेश्राम (वैज्ञानिक-डी) प्रज्ञा कदम (वैज्ञानिक अधिकारी) प्रदीप कुरे (क्यूरेटर) राजेश कुमार परमार (वित्त अधिकारी) सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23